राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 72
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 26 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मजयंती पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की

पेज 5 लखनऊ में बांका मार कर किसान की हत्या, मारपीट में भाई का कर रहा था बचाव

पेज 7 रूसी सैनिकों ने 4 से 82 साल तक की महिलाओं संग की यौन हिंसा, कैद में पिटाई, बिजली के झटके देने जैसी यातनाएं

हाफ मैराथन




केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री, अनुराग सिंह ठाकुर केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक और खेल बोर्ड (सीसीएससीएसबी) में – डीओपीटी एसोसिएशन ऑफ यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाईएचएआई) के साथ तीन अलग-अलग श्रेणियों में अपनी तीसरी हाफ मैराथन का आयोजन करते हुए।

## 5 राज्यों में भारी बारिश के आसार

### अगले 2 दिन लो प्रेशर जोन दिल्ली, हिमाचल, उत्तराखंड, बंगाल और बिहार को करेगा तर-बतर

नई दिल्ली। भारत में मानसून अभी भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 25-27 सितंबर के बीच हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में, विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी 25-27 सितंबर के बीच भारी बारिश की संभावना है। दिल्ली और उसके पड़ोसी शहरों में अगले दो दिनों तक बादल छाए रहने की संभावना है। इसके बाद लो प्रेशर जोन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के तलहटी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को दिल्ली की सड़कों पर पानी भरने से ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। कई गाड़ियां पानी में फंसी नजर आईं।



#### हरियाणा : अंबाला में 5वें दिन भी बारिश जारी

हरियाणा के अंबाला जिले में लगातार 5वें दिन भी बारिश जारी है। बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी धान और मक्का समेत अन्य फसलें बर्बाद हो चुकी है। शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। अंबाला सिटी के सेक्टर-1, 7, 8, 9 व 10, मॉडन टाउन समेत बाजार व चौक जलमग्न हो चुके हैं।

#### बिहार : 24 जिलों में येलो अलर्ट

बिहार के 24 जिलों के लिए मौसम विभाग ने बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में ठनका गिरने से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में कुल 4 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें खगड़िया में 1, मुजफ्फरपुर में 1 वैशाली में 1 और गोपालगंज में 1 साथ ही 4 अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

#### उत्तर प्रदेश : येलो अलर्ट जारी

**मौसम विभाग ने रविवार को यूपी के 39 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज और कल यानी 26 सितंबर तक बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश के कई हिस्सों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल रही हैं। वहीं, लखनऊ में रविवार सुबह से लगातार बारिश जारी है।**

#### अरुणाचल प्रदेश : चिपुटा गांव में स्कॉर्पियो बही

अरुणाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ से कार बह गई। भारतीय मौसम विभाग ने अरुणाचल में 25 सितंबर तक और बारिश की भविष्यवाणी की है। वहीं एक वीडियो सामने आया है जहां सुबनसिरी जिले के चिपुटा गांव में अचानक आई बाढ़ में एक स्कॉर्पियो कार बह गई।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

### सुरक्षा बलों ने घुसपैठ नाकाम की, आतंकियों के पास से 2 एके 47 राइफल और 4 हैंड ग्रेनेड बरामद

एजेंसी

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल इलाके में सेना और पुलिस ने दो आतंकियों को मार गिराया। यह कार्रवाई एलओसी टेकरी नार के पास की गई। दोनों आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 2 पिस्टल और 4 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं। जम्मू और कश्मीर पुलिस का कहना है कि अभी दोनों आतंकियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों आतंकी बॉर्डर के रास्ते भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थें। सुरक्षा बलों ने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया।

## दिल्ली : 12 साल के बच्चे के साथ निर्भया जैसी वारदात

### दिल्ली में 4 लोगों ने रेप किया, लाठी-डंडों से पीटा; मरा समझकर सड़क पर फेंक गए

नई दिल्ली। दिल्ली में निर्भया जैसी दरिंदगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक 12 साल के बच्चे के साथ 4 लोगों ने पहले कुकर्म किया, फिर लाठी-डंडों से पीटने के बाद मरा समझकर सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत बेहद खराब है। मामले में पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। 3 अभी भी फरार हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 18 सितंबर की यह वारदात सीलमपुर इलाके की है। 22 सितंबर को बच्चे के माता-पिता को घटना के बारे में जानकारी मिली। उसके बाद दिल्ली पुलिस को मामले की जानकारी दी। दिल्ली महिला आयोग की प्रेसिडेंट स्वाति मालीवाल ने रविवार को मामले का खुलासा किया है।

#### महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

दिल्ली महिला आयोग ने इस घटना का संज्ञान लिया है। DCW की प्रेसिडेंट स्वाति मालीवाल ने घटना के बारे में



ट्वीट किया। उन्होंने कहा- दिल्ली में लड़की तो क्या लड़के भी सुरक्षित नहीं हैं। स्वाति के मुताबिक इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी जल्द से जल्द गिरफ्तार हों और बच्चे को न्याय मिले। स्वाति मालीवाल ने इस घटना के संबंध में दिल्ली पुलिस को नोटिस भी जारी किया है और 28 सितंबर तक मामले की रिपोर्ट देने को कहा है।

#### आरोपी के खिलाफ सबूत जुटा रही पुलिस

मामला सामने आने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही तीनों गिरफ्तार होंगे। इसके अलावा चारों आरोपियों के बीच क्या संबंध थे, इसको लेकर पुलिस सबूत जुटाने में भी लगी है।

पुलिस ये भी जानने की कोशिश कर रही है कि पीड़ित बच्चे के साथ आरोपियों के क्या रिश्ते थे।

आरोपियों का पुराना रिकॉर्ड भी देखा जा रहा है। मामले में घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

## एयरफोर्स कैडेट का सुसाइड, छह अफसरों पर मर्डर का चार्ज, परिवार ने लगाया एकेडमी पर प्रताड़ना का आरोप

बेंगलुरु। बेंगलुरु के एयरफोर्स टेक्निकल कॉलेज में शनिवार को एक ट्रेनी कैडेट ने सुसाइड कर लिया।सुसाइड करने वाले 27 साल के कैडेट के खिलाफ इन्वेस्टिगेशन चल रही थी। कैडेट ने कमरे से सात पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें एयर कमांडर, विंग कमांडर और ग्रुप कैप्टन के रैंक वाले छह अधिकारियों का जिक्र किया है। सभी अफसरों की गिरफ्तारी हो गई है।

सुसाइड करने वाला कैडेट अंकित कुमार झा दिल्ली का रहने वाला था। ट्रेनिंग के दौरान एक महिला से बदसलूकी के आरोप पर उसके खिलाफ कोर्ट ऑफ इनक्वायरी का आदेश दिया गया था। इन्वेस्टिगेशन पूरी होने तक उसे ड्यूटी से भी सस्पेंड कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि इसके बाद से वो बेहद परेशान रहने लगा था।

#### परिवार ने कहा- एकेडमी में अंकित को परेशान किया जा रहा था

सुसाइड के बाद अंकित की फैमिली ने आरोप लगाया है कि उसे कॉलेज में लगातार परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा था। अंकित के भाई अमन ने एफआईआर दर्ज कराई है। अमन ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है।


#### सभी अफसरों की गिरफ्तारी हुई

सीनियर पुलिस अफसर ने बताया – मौत के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इन्वेस्टिगेशन जारी है। अंकित झा AFTC के एक कमरे में फांसी पर लटका मिला था। बाकी सभी अफसरों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

## देश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या घटी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 सक्रिय मामलों की संख्या 442 घटने से, इनकी संख्या घटकर 43,994 रह गई और इसी दौरान देश में संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 98.72 प्रतिशत हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 217.56 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। इसी अवधि में 5,196 लोग कोरोना मुक्त हुए हैं, जिससे अब ठीक होने वालों का आंकडा बढ़कर 4,39,95,610 हो



गया है। सक्रिय मामलों की दर 0.10 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 1.58 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना महामारी संक्रमण से ग्रसित 4,777 नये मरीजों की पुष्टि हुई है, जिससे अब संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा बढ़कर 4,45,68,114 हो गया और इस अवधि में महामारी से 12 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,28,510 हो गया है। पिछले 24 घंटों में 3,02,283 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.36 करोड़ से अधिक हो चुकी हैं।

देश में पिछले 24 घंटों में 14 राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में 117 सक्रिय मामलों में वृद्धि होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 2,952 हो गई तथा इस महामारी से उबरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 20,88,425 हो गया है। इस अवधि में मतृकों का आंकड़ा 21,495 तक पहुंच गया है।

इसी दौरान, केरल में कोरोना के 368 मरीजों की संख्या घटने से, अब यह संख्या 14,276 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 67,12,127 हो गयी है।

## पायलट के विरोध में 70 विधायकों का इस्तीफा

### स्पीकर के घर पहुंचे गहलोत समर्थक एमएलए, हाईकमान ने सीएम-सचिन को दिल्ली बुलाया

जयपुर। राजस्थान की राजनीति एक नए मोड़ पर आ गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने की तैयारी है। उनकी जगह मुख्यमंत्री के रूप में हाईकमान की पसंद सचिन पायलट हैं, लेकिन गहलोत खेमा पायलट के नाम पर नाराज हो गया है। विधायक दल की बैठक से पहले ही गहलोत गुट के करीब 70 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के घर पहुंचकर इस्तीफा दे दिया है।



मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने दावा किया कि हमारे पास 92 विधायक हैं। हमारी एक ही मांग है कि बगावत करने वाले लोगों में से सीएम न बनाया जाए। इधर, आलाकमान ने अशोक गहलोत, सचिन पायलट, अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे को दिल्ली बुलाया है।

सूत्रों के मुताबिक आलाकमान गहलोत और पायलट दोनों की समझाइश करेगा। जानकारी के मुताबिक केसी वेणुगोपाल ने दोनों को कॉल कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का यह मैसेज दिया है। माना जा रहा है कि एक बार फिर राजस्थान में विधायकों की बाड़ाबंदी हो सकती है।

वहीं सचिन पायलट, उनके समर्थक एमएलए और कुछ अन्य विधायक विधायक दल की बैठक के लिए सीएम हाउस पहुंच गए थे। रात 10.20 बजे के करीब पायलट सीएम हाउस से निकल गए।

इसके पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश प्रभारी अजय माकन और ऑब्जर्वर मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने होटल पहुंचे। छोटी सी मीटिंग के बाद तीनों सीएम हाउस पहुंचे। लेकिन कई विधायकों के नहीं पहुंचने से बैठक रद्द हो गई।

## राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों को पीएम मोदी ने दी शुभकामनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 सितंबर से गुजरात में शुरू हो रहे राष्ट्रीय खेलों ( नेशनल गेम्स) में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को आज शुभकामनायें दीं।

मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 93वीं कड़ी के माध्यम से यह शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर से गुजरात में इसका आयोजन होने जा रहा है। ये बड़ा ही ख़ास मौका है, क्योंकि इसका आयोजन, कई साल बाद हो रहा है। कोविड महामारी की वजह से पिछली बार के आयोजनों को रद्द करना पड़ा था। प्रधानमंत्री ने इस खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा इस दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मैं उनके बीच में ही रहूँगा। आप सब भी इससे जरूर जुड़े और अपने खिलाड़ियों का हौसला बढाएं।

## महंगाई से मुक्त का संघर्ष है भारत छोड़ो यात्रा: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि यात्रा में हज़ारों लोग हर दिन शामिल हो रहे हैं और इस्तेमाल भारत जोड़ो यात्रा में जुड़कर लोग महंगाई से मुक्त के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

गांधी ने कहा कि यात्रा मार्ग में वजगह-जगह रसोई गैस के दामों में वृद्धि के विरोध में बैनर और तख्तियां हाथों में लेकर नारे लगाते हुए दिख रहे हैं। इनमें रसोई गैस सिलेंडर के पोस्टर बनाये गए हैं, जिनमें लिखा है कि संप्रग सरकार के समय 410 रुपए का सिलेंडर 1200 रुपये का हो गया है।

कांग्रेस नेता ने फेसबुक पर इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए लिखा है तस्वीरें बोलती हैं। ये तस्वीर सिर्फ़ केरल की नहीं बल्कि पूरे देश की तकलीफ़ बयां कर रही है। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी जी ने महंगाई पर बड़े-बड़े भाषण दिए, जुमले उछाले, महिलाओं को चूल्हे पर खाना बनाते



देख, उन्हें दर्द होता है, ये बता कर भावुक भी हुए, लेकिन आज असलियत क्या है। पिछले 8 सालों में 410 रुपए के सिलेंडर को 1100 और किसी-किसी राज्य में उससे भी ज़्यादा कीमत का कर दिया। महंगाई जनता के सीने पर तांडव कर रही है। लोगों को दो वक्त का भरपेट खाना तक नहीं मिल रहा। ग़रीब की तो बात ही छोड़ दीजिए क्यूंकि वैसे भी राजा को अपने अमीर %मित्रों% के आगे ग़रीब जनता दिखती ही नहीं है। गांधी ने आगे कहा जब से हमारी भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई है तब से भाजपा के लोग रोज़ पूछते हैं, कि कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा क्यों कर रही है, इसकी क्या ज़रुरत है ? मैं बताता हूं – ये जो लोग तस्वीरों में अपनी तकलीफ़ बयां करते दिख रहे हैं, इन्हे भाजपा के महंगे दिनों ने तोड़ कर रख दिया है। ये आम जनता है। ये दिन-रात मेहनत करते हैं, अपना खून-पसीना एक करके मुश्किल से अपना परिवार चलाते हैं। आज,भाजपा सरकार, इनके पास जो कुछ भी था, वो भी छीनने पर आमादा है। चाहे वो रोज़गार हो या इनकी पूंजी।

घोटाला

### किसी को डबल मुआवजा तो किसी का नाम ही गायब; रिकॉर्ड में की गई हेराफेरी

## गंगा एक्सप्रेस-वे की भूमि खरीद में सामने आया बड़ा घोटाला

संभल। सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए हुई भूमि खरीद में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। चकबंदी अफसरों की गलत रिपोर्ट के चलते कई लोगों ने अपने मालिकाना हक से ज्यादा भूमि के बैनामे यूपीडा को करा दिए। जबकि कुछ लोगों के नाम चकबंदी विभाग ने रिकॉर्ड से ही गायब कर दिए। सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों को अधिक मुआवजा दिलाया गया, उनसे चकबंदी विभाग की मिलीभगत थी। मामला सामने आने के बाद संभल के डीएम मनीष बंसल ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सचेंद्र कुमार को सस्पेंड करने की सिफारिश कर दी है। डीएम संभल द्वारा गठित की गई एक जांच कमेटी की रिपोर्ट में कई दूसरे अधिकारियों को भी दोषी पाया गया है। डीएम मनीष बंसल का कहना है कि जमीन खरीद में कोई भी फ्रॉड पेमेंट नहीं हुआ है। बैनामे के तुरंत बाद मामला संज्ञान में आ गया था। इसलिए पेमेंट पर रोक लगा दी गई थी।

#### डेढ़ गुना जमीन का दिया मुआवजा

सबसे पहले आपको एक केस की हिस्ट्री बताते हैं। फिलहाल जांच कमेटी ने एक मामला पकड़ा है। इसमें संभल के मझोला गांव की रहने वाली



पूनम पत्नी अवधेश को रिकॉर्ड में गड़बड़ी करके डेढ़ गुना मुआवजा दिया गया। जांच में पता चला है कि पूनम 0.126 हेक्टेयर जमीन की मालकिन थीं, लेकिन यूपीडा के पक्ष में उनसे 0.187 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री कराकर सरकारी खजाने से भुगतान कर दिया गया।

#### अब समझिए कैसे हुआ खेल

संभल में जिस हिस्से से गंगा एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है। वहां जमीनों के रेट कई गुना हो चुके हैं। जिन किसानों की जमीनें गंगा एक्सप्रेस-वे के दायरे में आ रही थीं। उन्हें राज्य सरकार ने सर्किल रेट के चार गुना रेट पर किसानों से खरीदा है। इसी मोटे मुआवजे के लालच में लोगों ने अपने खेतों को एक्सप्रेस-वे वाले हिस्से में सेट कराने का जुगाड़ लगाया।

इस खेल को अंजाम दिया संभल के चकबंदी विभाग ने। चकबंदी के पुराने मामलों की अपीलों को निपटाने के बहाने संभल के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सचेंद्र कुमार ने मनमाने आदेश किए। एसओसी ने कुछ किसानों का नाम ही रिकॉर्ड से गायब कर दिया तो कुछ की जमीन डेढ़ गुना तक दिखा दी गई।

चंदौसी के राजपाल पुत्र सुखाड़ी की जमीन भी गंगा एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट में खरीदी गई लेकिन इसका पेमेंट हुआ किसी और को। वजह ये थी कि चकबंदी विभाग ने राजपाल का नाम रिकॉर्ड पर दर्ज ही नहीं किया। ऐसे दर्जनों मामले हैं। इसी तरह की शिकायतों को लेकर संभल के कई लोगों ने हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल कर रखी हैं।

## 3 अक्टूबर को पंजाब में किसान रोकेंगे ट्रेनें

### बिजली वितरण के नए नियमों का विरोध; प्राइवेट घरानों को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब के किसान 3 अक्टूबर को एक बार फिर ट्रेनें रोकेंगे। 3 घंटे के लिए रेल सेवाएं बाधित की जाएंगी। किसानों का विरोध बीते दिनों केंद्र सरकार की तरफ से जारी किए गए नोटिफिकेशन बिजली डिस्ट्रीब्यूशन 2022 के खिलाफ है। किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार अब बिजली डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट बड़े घरानों को करने वाली है।

किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि नोटिफिकेशन के अनुसार बिजली का वितरण प्राइवेट कंपनियां करेंगी। बिजली डिस्ट्रीब्यूशन का अधिकार राज्य सरकारों का है, लेकिन यह नोटिफिकेशन जारी करके केंद्र सरकार



इसे भी अपने हाथ में ले रही है और प्राइवेट घरानों को दे रही है। किसान हैरान हैं कि राज्य सरकारों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा और सरकार कुछ भी नहीं बोल रही।

यही कारण है कि किसानों ने इस नोटिफिकेशन के खिलाफ 3 अक्टूबर को 3 घंटे के लिए ट्रेनों को रोकने की घोषणा की है। किसानों ने नोटिफिकेशन वापस लेने की मांग करते हुए कड़ी चेतावनी दी है।

#### रुपए के गिरने से बढ़ेगी महंगाई

किसानों ने इस दौरान रुपए के कमजोर होने पर भी चिंता व्यक्त की है। सरवण सिंह पंधेर का कहना है कि रुपया अपने सबसे निचले स्तर तकरीबन 81 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया है। फरवरी 2022 से लेकर अभी तक का अंतर तकरीबन 6 रुपए है, लेकिन इसके नुकसान आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। पंधेर ने कहा कि रुपया गिरने से खेती उत्पादन महंगा हो जाएगा।

बीज से लेकर दवाएं तक महंगी हो जाएंगी। तेल के दाम बढ़ जाएंगे, जिससे महंगाई बढ़ेगी और आम आदमी उसमें पिस जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रपर्ति 26 से 28 सितंबर तक कर्नाटक यात्रा पर

बेंगलुरु। देश के राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू 26 से 28 सितंबर तक पहली बार किसी राज्य की यात्रा पर आयेंगी। मुर्मू 26 सितंबर पर चामुंडी पहाड़ी पर मैसुरु दशहरा का उद्घाटन करेंगी और उसी दिन हुब्बाली में हुबली-धारवाड नगर पालिका द्वारा आयोजित पूर्ण सम्मान समारोह में हिस्सा लेंगी। वह धारवाड में भारतीय सूचना तकनीकी संस्थान के नये कैंपस का भी उद्घाटन करेंगी। वह 27 सितंबर को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड(एचएएल) के समेकित क्रायोजेनिक इंजन निर्माण फैसिलिटी का भी उद्घाटन करेंगी। इसी अवसर पर वह विषाणु विज्ञान संस्थान की क्षेत्रीय ईकाई (दक्षिणी ईकाई) की वर्चुअली आधारशिला रखेंगी। वह उसी दिन सेंट जोसेफ विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी और उनके सम्मान में बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। इसके बाद 28 सितंबर को श्रीमती मुर्मू दिल्ली लौट जायेंगी।

### त्रिपुरा पुलिसकर्मी पर किशोरी को बेरहमी से प्रताड़ित करने का आरोप

अगरतला। त्रिपुरा में सिपाहीजला जिले के सोनमुरा में एक पुलिसकर्मी पर किशोरी को बिजली का झटका देने और उसकी उंगलियों में सुई डालने के अलावा उसकी बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने स्थानीय थाने में आरोपी पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। परिजनों ने आरोप लगाया कि इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। शनिवार को पीड़िता की मां अपनी शिकायत के संदर्भ में जानकारी के लिए सोनमुरा पुलिस स्टेशन गयी, लेकिन वहां के पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर उन्हें मामले को आगे बढ़ाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने हालांकि, कहा कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू की गयी है तथा आरोप सही पाये जाने पर आरोपी को कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा।

### छह आईएएफ अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की पुलिस ने भारतीय वायुसेना तकनीकी कॉलेज(एएफटीसी) के एक प्रशिक्षु कैडेट के फांसी पर लटके पाये जाने के बाद कथित हत्या के आरोप में आईएएफ के छह अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक अंकित झा के भाई अमन झा की शिकायत पर वायुसेना अधिकारियों के खिलाफ शनिवार को गंगाम्मा गुड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अंकित की मौत के कारणों को पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है, हालांकि आईएएफ ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। अंकित के पिता यूके झा ने 'यूनीवार्ता' से कहा कि पुलिस उनके बेटे की मौत को आत्महत्या का मामला बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार को संदेह है कि अंकित की हत्या की गयी है थी और अंकित ने उन्हें उन छह अधिकारियों के बारे में बताया था , जो उन्हें कथित रूप से परेशान करते थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा अस्पताल में भर्ती

बेंगलुरु। पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा की तबीयत खराब हो गई है और उन्हें शहर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के मुताबिक शनिवार देर रात लाये गये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णा को सांस का तेज संक्रमण है, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। कृष्णा को डॉ सत्यनारायण मैसूर और सुनील कारंत की देखरेख में रखा गया है। वह न्यूनतम श्वसन समर्थन पर है। इसके अलावा कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डा. के सुधाकर भी श्री कृष्णा के स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं।

### युवक की तालाब में फेंक कर हत्या

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के हटा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक द्वारा दूसरे युवक की आज दिनदहाड़े तालाब में फेंक कर हत्या कर दी गयी। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दमोह जिले के हटा थाना अंतर्गत ग्राम लूहारी में नन्नू अहिरवाल ने बताया कि उसका पुत्र उत्तम बस स्टैंड के पास तालाब के समीप खड़ा था, जिसका गांव के ही तरवर सिंह से विवाद हो गया। तरवर ने उत्तम को उठाकर तालाब में फेंक दिया जिस पर उत्तम द्वारा बचने के काफी प्रयास किए गए, लेकिन तरवर द्वारा उसे कांटे की झाड़ियों से मार कर बाहर नहीं निकलने दिया जिस कारण से तालाब में डूब कर उसकी मौत हो गयी। पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज कर तरवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इसे पुरानी रंजिश के चलते की गई हत्या बता रही है।

### पुलिस के पहुंचने से एटीएम की राशि लूटने से बची

भरतपुर। राजस्थान के धौलपुर में सैंपऊ रोड पर चोरों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई के एक एटीएम को गैस कटर से काट कर उसमें भरी नकदी को चुरा लेने की पूरी तैयारी कर ली लेकिन ऐन बक्त पर पुलिसकर्मियों के मौके पर पहुंच जाने से बदमाश खाली हाथ ही भाग जाने पर मजबूर हो गए और एटीएम में रखी लाखो की नकदी लुटने से बच गई। थाना प्रभारी अनिल जसौरिया ने बताया कि शनिवार रात करीब ढाई बजे एक कार से सैंपऊ रोड स्थित एटीएम पर पहुंचे कुछ बदमाशों ने एटीएम पर लगे कैमरे पर स्प्रे कर गैस कटर से एटीएम को काट डाला लेकिन इसी बीच मौके पर पहुंचे एक युवक ने जब एटीएम से चिंगारी निकलती देखी तो समीप ही पुलिस लाइन में मौजूद लोगों को उसने इसकी सूचना दी। बताया गया कि पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के परिजन मौके पर पहुंच गए जिन्हें देखकर चोर कार में बैठकर हाईवे से होकर उत्तर प्रदेश की ओर फरार हो गए। रविवार की बजह से बैंक की छुट्टी होने के कारण एटीएम में नकदी के बारे में जानकारी नही हो सकी है लेकिन सीसीटीवी फुटेज लेने के लिए पुलिस ने बैंककर्मियों को बुलाया है।

### कोटा में नवरात्र महोत्सव की शुरुआत आज से

कोटा। राजस्थान के कोटा में सोमवार को घट स्थापना के साथ अगले नौ दिन तक नवरात्रि महोत्सव की धूम रहेगी और यह चार नवंबर तक जारी रहेगा। नवरात्रि के नौ दिनों में शहर के बाजारों में भी खरीदारी की जमकर धूम रहने वाली है क्योंकि नवरात्र के दौरान हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मानते हुये खरीददारी की पुरानी परंपरा रही है। इसके लिए कोटा शहर के व्यापारी भी अपनी ओर से विशेष तैयारियां करके रखते हैं और अपनी दुकानों की खासतौर से सजाने के अलावा खरीदारों को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर भी उपलब्ध करवाते हैं ताकि लोग अधिक से अधिक उनकी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आकर खरीदारी कर सकें। इसके अलावा वैश्विक महामारी कोविड-19 के असर के कम होने के बाद हटाई गई पाबंदी के चलते इस साल कोटा शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिला मंड़लों की ओर से नवरात्रि के दौरान डांडिया महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए युवाओं और महिलाओं ने खास तैयारी की हुई है।

### गहलोत की कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग में पदों का पुनर्गठन को मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग में पदों के पुनर्गठन तथा ग्यारह नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनमें संयुक्त निदेशक के तीन, उप निदेशक के छह एवं सहायक निदेशक के दो नवीन पद शामिल हैं। श्री गहलोत के इस निर्णय से विभाग के अधिकारियों को पदोन्नति के समुचित अवसर मिलेंगे। साथ ही रोजगार कार्यालयों में बेरोजगार आशार्थियों का पंजीयन, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का संचालन व रोजगार मेलों का आयोजन सुगमता से हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट 2022-23 में विभिन्न सेवाओं/कैडर के कार्मिकों के लिए पदोन्नति के समुचित अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यकतानुसार पुनर्गठन तथा प्रमोशनल पोस्ट की संख्या में वृद्धि करने की घोषणा की थी और इसकी अनुपालना में मुख्यमंत्री द्वारा यह मंजूरी दी गई है।

## आंध्र प्रदेश में दुखद हादसा, क्लिनिक में आग लगने से डॉक्टर, उसके बेटे और बेटी की मौत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति के निकट भगत सिंह नगर में तीन मंजिले इमारत में रविवार को तड़के भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से एक डॉक्टर और उसके बेटे व बेटी की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य झुलस गए। पुलिस ने बताया कि इमारत की पहली मंजिल में करीब साढ़े चार बजे आग लगी। इमारत के भूतल पर डॉक्टर का एक क्लिनिक भी है।

तीनों मृतकों की पहचान हो गई है। इस घटना में डॉ रविशंकर रेड्डी और उनके बेटे सिद्धू (12) व बेटी



कार्तिका (6) की जान गई है। तीनों को इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में ट्रांसफर भी किया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। आग की चपेट में आने से तीनों ही काफी हद तक जल गए थे। ऐसे में उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### आग लगने के कारणों की जांच जारी

मौके पर पहुंचे दमकल ने डॉक्टर की पत्नी डॉक्टर अनंत लक्ष्मी और मां रामासुब्बम्मा को बचाया। बाद में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के वास्तविक कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सभी शवों को तिरुपति के सरकारी रुइया अस्पताल में भेज दिया गया है।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से वृद्धा और किशोरी झुलसी

वहीं, राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के खेड़ा गांव में रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने से एक वृद्धा और किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे में झुलसी दोनों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव होने और बिजली का शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई।

## पश्चिमोत्तर में अगले चौबीस में मौसम साफ होने के आसार

चंडीगढ़। पश्चिमोत्तर क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया तथा पकी फसलें बिछ गयीं।

चंडीगढ़ सहित अनेक स्थानों पर रविवार को भी तेज हवाओं के साथ बारिश की झड़ी लगी रही जिससे सड़कों, निचले इलाकों और खेतों में पानी भर गया।

मौसम केन्द्र के अनुसार हरियाणा में कल के बाद मौसम साफ होने और पंजाब में अगले चौबीस के बाद मौसम खुलने के आसार हैं। पिछले चार दिनों में भारी बारिश ने सबसे ज्यादा किसानों को नुकसान पहुंचाया। पके धान तथा कपास को बहुत नुकसान पहुंचा।

चंडीगढ में आज तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुयी। शहर में 120 मिमी, लुधियाना 148 मिमी, फतेहगढ साहिब 130 मिमी, रोपड़ 92 मिमी, जालंधर 67 मिमी, गुरदासपुर 76 मिमी, बठिंडा 51 मिमी, पठानकोट 76 मिमी, अमृतसर 17 मिमी सहित अनेक स्थानों पर बारिश हुई। खेतों में जलभराव से फसलों को नुकसान हुआ। हरियाणा में अनेक स्थानों पर आज चौथे दिन बारिश हुई। पिछले चौबीस घंटों में अंबाला 107 मिमी, हिसार 43 मिमी, रोहतक 165 मिमी, सिरसा 40 मिमी, झज्जर 73 मिमी, फतेहाबाद 194 मिमी सहित अनेक स्थानों पर बारिश हुई।

## 'बथुकम्मा' के मौके पर साड़ियां देकर बालिकाओं का सम्मान करेंगे : केसीआर



हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य महोत्सव 'बथुकम्मा' रविवार से शुभारंभ होने के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए एलान किया कि इस बार 'बथुकम्मा उपहार' के रूप में साड़ियां देकर करोड़ों बालिकाओं का सम्मान करेंगे। केसीआर के नाम से लोकप्रिय मुख्यमंत्री ने कहा कि गाँवों में एक विशेष उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। बच्चियाँ बथुकम्मा को फूलों से ढँक देती हैं, खेलती हैं और गाती हैं और बथुकम्मा समारोह में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि नौ दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रकृति का उत्सव मनाते हुए प्रदेश भर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 350 करोड़ रूपए की लागत से बथुकम्मा उपहार के रूप में राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से बनाई गई करोड़ों साड़ियां देकर हम करोड़ों बालिकाओं का सम्मान कर रहे हैं। गौरतलब है कि तेलंगाना सरकार ने 'बथुकम्मा उत्सव' को राजकीय उत्सव के रूप में मान्यता देते हुए तेलंगाना की संस्कृति और लड़कियों और लड़कों के स्वाभिमान को बहुत महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि 'बथुकम्मा' जो लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है, कई महाद्वीपों में फैल गया है और तेलंगाना की संस्कृति को दुनिया में फैलाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बथुकम्मा उत्सव मनाने के लिए सभी इंतजाम किए हैं। केसीआर ने प्रकृति की देवी 'बथुकम्मा' से राज्य के लोगों को खुशी और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद देने की प्रार्थना की।

## राज्यपाल ने विधानसभा का सत्र 27 सितम्बर को बुलाये जाने को दी मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने विधानसभा का सत्र 27 सितम्बर को सुबह 11.00 बजे बुलाये जाने का मंजूरी दे दी है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप संधवां ने रविवार को ट्वीट किया कि सरकार तथा राज्यपाल के बीच मतभेद दूर कर लिये गये हैं। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल तथा सरकार के बीच तल्खियां उस समय बढ़ गयीं जब राज्यपाल ने 22 सितंबर के सत्र को रद्द कर दिया ।सरकार तथा आम आदमी पार्टी के राज्यपाल विरोधी बयानों को लेकर उन्होंने सरकार से कहा कि वह कानून को पढ़े। उन्होंने सरकार से 27 सितंबर के सत्र का एजेंडा मांग लिया जिस पर सरकार के विरोधी स्वर मुखर हो गये लेकिन राज्यपाल ने इसे मंजूरी दे दी।

## स्कूल में मुस्लिम बच्चों से भजन गवाने और सूर्य नमस्कार कराने पर लगे रोक, कश्मीर में उठी मांग

**श्रीनगर।** मुत्तहिद मजलिस-ए-उलेमा ने कश्मीरी स्कूलों में मुस्लिम छात्रों के भजन गाने और सूर्य नमस्कार करने पर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि घाटी में हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूलों व शैक्षणिक संस्थानों के जरिए लागू की जा रही गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए। मालूम हो कि एमएमयू करीब 30 धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों वाला ऑर्गेनाइजेशन है।

एमएमयू ने एक बयान में कहा, स्कूलों और दूसरी शैक्षणिक संस्थानों में मुस्लिम छात्रों को हिंदू धार्मिक गीत गाने और सूर्य नमस्कार करने के लिए कहा जा रहा है। यह कश्मीर की मुस्लिम पहचान को कमतर करने की दुर्भाग्यपूर्ण कोशिश है। इस मामले को लेकर हमने श्रीनगर की जामा मस्जिद



में बैठक की। इसमें कहा गया कि ये फरमान मुस्लिमों की धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाते हैं और उनमें आक्रोश पैदा करते हैं।

### 'संतों की घाटी की मुस्लिम पहचान हो रही कमजोर'

संगठन ने कहा कि बैठक के दौरान सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया और संतों की घाटी की मुस्लिम पहचान को कमजोर करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। मीटिंग के दौरान यह फैसला हुआ कि इस तरह की गतिविधियों पर जल्द से जल्द रोक लगनी चाहिए।

### 'रघुपति राघव राजा राम' गाते देखे बच्चे

गौरतलब है कि हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक सरकारी स्कूल के छात्रों को रघुपति राघव राजा राम गाते हुए देखा गया था।

एमएमयू ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि अगर उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में गैर-इस्लामिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए विवश किया जाता है तो उन्हें अपने बच्चों को इन स्कूलों से निकालकर उनका निजी स्कूलों में दाखिला करवाना चाहिए।

## कई राज्य शासन का द्रविड मॉडल अपनाने को उत्सुक : स्टालिन

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि देशभर के अन्य राज्य शासन के द्रविड़ मॉडल को अपनाने के लिए उत्सुकता दिखा रहे हैं।

सामाजिक न्याय पर तीसरी अंतराष्ट्रीय मानवता बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि अन्य राज्यों की सत्तारूढ सरकारें भी शासन के द्रविड मॉडल को समझना और अपने अपने राज्य में लागू करना चाहती हैं। इस



मॉडल को अपनाकर तमिलनाडु राज्य द्वारा पिछले पचास वर्षों में अर्जित की गयी उपलब्धियों को लागू किया जा सका।

मानवता का आधार सामाजिक न्याय को बताते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की संकल्पना मानवता के आधार पर बनी थी और इस मानवीय-सामाजिक न्याय बैठक में हिस्सा लेने के लिए सामाजिक न्याय की जमीन से उत्पन्न हुई है। उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार सभी जगह सामाजिक न्याय की अवधारणा को स्थापित कर पायी है। इस सरकार द्वारा सामाजिक समानता पर अधारित कई योजनाएं शुरू की हैं। द्रमुक पार्टी का आधार ही सामाजिक न्याय, समानता, आत्मसम्मान, भाषायी समरसता , सांप्रदायिक अधिकार और राज्य की स्वायत्ता जैसे आर्दश हैं।

उन्होंने कहा हमारा विकास इन्हीं आधारों पर किया जाना चाहिए। औद्धोगिक विकास, सामाजिक परिवतर्न, शिक्षा में सुधार आदि ऐसे मुद्दे हैं जिनका लाभ सभी को मिलना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि आरक्षण नीति, द्विभाषा नीति, तमिल भाषा का विकास, अधस्संरचना, खेती पर फोकस, सामाजिक उन्नयन को लेकर पिछले 50 वर्षों से लगातार लड़ी जा रही लडाई के कारण राज्य में आज यह अभूतपूर्व विकास नजर आता है। उन्होंने कहा कि विकास में सामाजिक और आर्थिक दोनों पहलू शामिल होने चाहिए ।

## ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में जल्द होगी कस्तूरी मृग की गणना

कुल्लू। जैव विविधता के संरक्षण के साथ वन्य प्राणियों के लिए जीवन रक्षक बने ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में जल्द ही दुर्लभ प्रजातियों में शुमार कस्तूरी मृग की गणना की जाएगी।

भूरा भालू के साथ ब्लूशिप की गणना होगी। पार्क में इन दुर्लभ प्रजातियों के वन्य प्राणियों की मौजूदगी के आंकड़े साल के अंत तक सामने आ जाएंगे । दशहरा के बाद कस्तूरी मृग, ब्लूशीप (नीली भेड़) और भूरा भालू की गिनती आरंभ की जाएगी। इसके लिए करीब 15 से 20 टीमों का गठन किया जाएगा।

वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पार्क प्रबंधक स्वयं सेवियों की मद्द लेगा। बताया जा रहा है कि इन इन तीनों वन्य जीवों का ठिकाना ऊंचाई वाले इलाकों में होता है। इसमें ब्लूशीप करीब 3,500 मीटर, कस्तरी मृग 3,000 मीटर तथा भूरा भालू की मौजूदगी समुद्रतल से लगभग 2,500 से 2,800 मीटर की ऊंचाई पर होती है।

## भारत-नेपाल सीमा खुली होने से एसएसबी की बड़ी जिम्मेदारी : शाह

**किशनगंज।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नेपाल के साथ सीमा खुली होने से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की जिम्मेदारी बड़ी है। शाह ने शनिवार को नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी सुरक्षा बलों के शिविर में जवानों से बातचीत करते हुए कहा कि नेपाल के साथ लगी सीमाएं खुली होने से एसएसबी जवानों की जिम्मेदारी बड़ी है। उन्होंने जवानों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया और सीमाचंल दौरे के अंतिम दिन माता गुजरी विश्वविद्यालय में भाजपा सांसदों, विधायकों से मुलाकात की और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

शाह ने आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सुंदर भूमि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्षणों को कभी दोहराया नहीं जाएगा। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि 2014 से पहले भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर था, लेकिन अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

## बंगाल पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय अपहरण रैकेट का किया भंडाफोड

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस ने अमेरिका में नौकरी के नाम पर युवाओं के अपहरण के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

विधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय अपहरण के इस मामले में तीन बदमाशों को तो गिरफ्तार किया ही गया है साथ ही इनके चुंगल में फंसे 18 युवाओं को भी बचाया गया है। इन युवाओं को कथित रूप से अमेरिका में मोटी कमाई वाली नौकरियों में लगाये जाने का झांसा देकर लाया गया था।

उन्होंने बताया कि एनएससीबीआईए पुलिसथाने में हरियाणा निवासी नरेश कुमार ने 16 सितंबर को एक शिकायत दर्ज करायी थी कि उनका बेटा अमेरिका में नौकरी दिलाये जाने की बात कहकर कोलकाता लाया गया था लेकिन पिछले महीने से उसका कुछ अता पता नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उनके साथ इस धोखे को अंजाम देने वाले बदमाशों की मांग पर वह उन्हें लगभग 40 लाख रुपये दे चुके हैं। पुलिस ने प्राप्त शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट के निकट के इलाके में छापे मारे और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जब इन बदमाशों से सख्ती से पूछताछ की तो इन्होने लड़कों के बारे में जानकारी दी और इसके बाद पुलिस ने उसी घर में एक बंद जगह पर कैद युवओं को बाहर निकाला। बचाकर निकाले गये युवाओं में से आठ को घर जाने की अनुमति दे दी गयी है क्योंकि काफी दिनों तक बंद रहने के कारण वह मानसिक रूप से बहुत अधिक तनाव में थे। दस युवाओं ने पूछताछ की जा रही है ताकि इस मामले की तह तक पहुंचा जा सके।

अधिकारी ने बताया कि यह बदमाश अमेरिका में मोटी कमाई वाली नौकरी दिलाने का ख्वाब दिखाकर मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा के युवाओं को झांसे में लेकर कोलकाता लाया करते थे।

इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास के एक होटल में इन्हें दो या तीन दिन तक रखा जाता था। इसके बाद इन्हें पास के घर में भेज दिया जाता था। पूरे मामले के खुलासे और इसमें शामिल अन्य बदमाशों की धरपकड़ के लिए जांच अभी जारी है।

## विधवाओं के लिए विशेष पेंशन, बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना की मांग

एजेंसी

चंडीगढ़। पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी नेता सुनील जाखड़ ने रविवार को एकल माताओं और विधवा औरतों द्वारा उनके बच्चों के पालन पोषण के लिए अतिरिक्त भत्ते के रूप में विशेष पेंशन लगाने की मांग की। जाखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिखे पत्र में उन्होंने ऐसी माताओं जो अकेले अपने बच्चों की संभाल कर रही हैं और विधवाओं को उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष वजीफा योजना शुरू करने की मांग भी की है ताकि ऐसे बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व, माँ-दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति की पूजा का सबसे शुभ और अनोखा अवसर माना जाता है।

यह पूजा वैदिक युग से पहले, प्रागैतिहासिक काल से चली आ रही है। ऋषि के वैदिक युग के बाद से, नवरात्र के दौरान की भक्ति प्रथाओं में से मुख्य रूप गायत्री साधना का हैं। जाखड़ ने कहा, नवरात्र और श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि एकल माताओं/विधवाओं को उनके बच्चों के पालन-पोषण हेतु अतिरिक्त भत्ता के रूप में विशेष पेंशन की व्यवस्था और शिक्षा हेतु विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की मांग पर विचार करें। इससे हजारों बच्चों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी जो उन्हें एक सुखदायी जीवन जीने में अपनी माताओं का समर्थन करने के अलावा आत्म निर्भर बना देंगे।

## भागलपुर में कपड़ा बिक्रेता की गोली मारकर हत्या

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक कपड़ा बिक्रेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि करोड़ी बाजार निवासी मो. सन्नी (45 वर्ष) रविवार की शाम अपने घर के बाहर सड़क पर कुछ लोगों से बातचीत कर रहा था, तभी दो की संख्या में आये अपराधियों ने उसे गोली मारी और भाग गए। सूत्रों ने बताया कि हादसे में गंभीर रुप से घायल मो. सन्नी को स्थानीय लोगों ने भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शिवराज ने मंच से खाद्य अधिकारी को हटाने दिया निर्देश

झाबुआ। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज झाबुआ जिले के थांदला में एक जनसभा के संबोधन के दौरान राशन में गड़बड़ी के आरोप में मंच से ही जिला खाद्य अधिकारी मुकुल त्यागी को हटाने के निर्देश दिए।

चौहान ने यह चेतावनी भी दी कि जो भी गरीबों का हक मारेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इसलिए उन्होंने आज जिला खाद्य अधिकारी मुकुल त्यागी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। झाबुआ में करड़ावद सहकारी समिति में राशन की गड़बड़ी के चलते मुख्यमंत्री ने जिला खाद्य अधिकारी को हटाने के निर्देश दिए हैं। चौहान आज झाबुआ जिले के दौरे पर है, जिसमें उन्होंने झाबुआ शहर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नगर पालिका में भाजपा को विजय बनाने की अपील की थी। इसके बाद वह जिले के थांदला पहुंचे जहां पर उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को तोड़ती है, जबकि भाजपा देश को जोड़ती है।

## भारी बारिश से सड़कें जलमग्न, धान और नरमा की फसलें खराब

सिरसा। हरियाणा में भारी बारिश के चलते जहां आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं फसलें तेज हवा के साथ आयी बारिश में बिछ गयीं जिससे किसानों की चिंता बढ़ गयी है। सिरसा तथा फतेहाबाद जिलों में पिछले दो रोज से ठहर-ठहर कर हो रही बारिश से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। सिरसा के नाथूसरी चोपटा तहसील क्षेत्र के दर्जनभर गावों के खेतों में पिछले दिनों हुई बारिश का पानी खड़ा हो जाने से नरमा, कपास, बाजरा, ग्वार आदि की फसल तबाह हो गई थीं वहीं इन खेतों से पानी निकालने के बाद किसान गेहूं बिजाई की तैयारी कर रहे थे, अब फिर बरसात हो जाने से किसान चिंता में डूब गया है। फतेहाबाद शहर में बारिश के पानी की समुचित निकासी न होने से जलभराव हो गया जिससे लोगों के वाहन बीच रास्ते फंस गए वहीं घरों व प्रतिष्ठानों में भी पानी घुस गया। वहीं जगह-जगह पानी भर जाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। फतेहाबाद का हर निचला इलाका शनिवार को जलमग्न नजर आया। शहर के जवाहर चौक, धर्मशाला रोड, अस्पताल रोड, मंडी आदि क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात फिर नजर आए। फतेहाबाद में 50 एमएम बारिश हो चुकी है। जबकि रतिया में 60 एमएम, टोहाना में 30 एमएम, भट्टू में 10 एमएम, भूना में 80 एमएम, कुलां में 20 एमएम, जाखल में 15 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी की हुई थी कि अगले दो दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। धर्मशाला रोड पर एक निजी स्कूल की वैन पानी में फंस गई। पानी इंजन में चले जाने के कारण धुआं निकलने लगा। जिससे बस में सवार बच्चों में हडकंप मच गया। घटना के बाद बस चालक ने बस को बीच में ही रोक दिया और बच्चों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकाला। कुछ बच्चे खिडकी द्वारा आए तो कुछ विद्यार्थियों को शीशे से निकाला गया।

## शार्ट न्यूज

### गणेश पूजन एवं गणेश वंदना के साथ किया जायेगा मंचन का शुभारंभ



नोएडा। श्री सनातन धर्म रामलीला समिति (पंजीकृत) द्वारा मंचन का षुभारंभ गणेष पूजन एवं गणेष वंदना के साथ किया जायेगा। जिसमें कल होने वाली लीला नारद मोह, रावण जन्म तक दिखाई जायेगी। पूजन मे संस्था के संरक्षक डा. महेष षर्मा, माननीय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, माननीय विधायक नोएडा श्री पंकज सिंह, महिला आयोग अध्यक्ष उ0प्र0 श्रीमती विमला बाथम, जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर श्री अमित चौधरी, डा. वी.एस. चौहान एवं समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी गणेष पूजन करेंगे ।2022 विजय दषमी महोत्सव का षुभारंभ होगा। निरंतर दस दिनों तक रामलीला का भव्य मंचन दिखाया जायेगा। मंच की भव्यता इस बार देखते ही बनेगी। हम रामभक्तों से अनुरोध करते है कि इस आयोजन में आपसभी परिवार सहित सादर आमंत्रित है। सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता लगे हुए है क्योकि बारिस के बाद बहुत सारी व्यवस्थायें जिनको ठीक करना पड रहा उनको पूर्ण कर लिया जायेगा। अध्यक्ष टी. एन. चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, महासचिव संजय बाली, मित्रा शर्मा, अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग, सचिव विनय शर्मा, पवनदीप, महिमा मित्त्ल, प्रमोद रंगा, रोहित श्रीवास्तव, रामकुमार शर्मा, मोहित ढिंगरा आदि समित के सदस्य उपस्थित रहें।

### नीरज सेठी बने शिवेसेना के दिल्ली प्रभारी



नई दिल्ली। रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं मुख्य नेता एकनाथ शिंदे जी ने दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में घोषणा करते हुए श्री नीरज सेठी को दिल्ली का प्रभारी नियुक्त किया है। आप सबको ज्ञात होगा कि पूर्व के वर्षों में 2015 से 2018 तक नीरज सेठी जी शिवसेना दिल्ली प्रमुख के पद की जिम्मेदारी पूरी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा पूर्वक निर्वहन कर चुकें हैं, इसी पूर्व की मेहनत व जिम्मेदारी को देखते हुए श्री शिंदे जी ने पुन: हिंदुत्व का पताका फहराने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर तत्पर रहने वाले नीरज सेठी जी को दिल्ली प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है । दिल्ली शिवसेना पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पार्टी के सभी पदाधिकारियों में खुशी की लहर और उत्साह है नीरज सेठी जी के कार्यालय घर पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है, नीरज जी ने सभी कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्ति किया किया और साथ ही साथ पत्रकार बंधुओं को भी साधुवाद दिया।

### दिल्ली में 12 साल के बच्चे के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 12 साल के लड़के के साथ गैंगरेप के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। लड़के की मां ने आयोग में शिकायत दर्ज़ करवाई जिन्होंने बताया कि उनके बेटे के साथ बेरहमी से यौन हिंसा की गयी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके बच्चे के साथ 18.09.2022 को 4 लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया, जिन्होंने उसके निजी अंगों में एक रॉड भी डाली। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उसे ईंटों और रॉड से बेरहमी से पीटा भी। बच्चे ने 22.09.2022 को अपने माता-पिता को इस घटना के बारे में बताया। माता-पिता ने तुरंत मामले की जानकारी दिल्ली पुलिस को दी। लड़के को फिलहाल बेहद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आयोग परिवार की सहायता कर रहा है और मामले में एफआईआर भी दर्ज करवाई है। आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने एफआईआर की कॉपी और मामले में गिरफ्तार अपराधियों का ब्योरा मांगा है। आयोग ने पुलिस से यह भी बताने को कहा है कि 3 लोग अब भी क्यों फरार हैं। आयोग ने दिल्ली पुलिस से 28.09.2022 तक रिपोर्ट मांगी है। आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने कहा, यह बहुत ही भयावह घटना है। लड़के के साथ 4 लोगों ने गैंगरेप किया और उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड डालकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। बच्चा फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और आईसीयू में है। हमारी टीम लगातार परिवार के साथ मौजूद है और उनकी मदद कर रही है। आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



नई दिल्ली। पहाड़गंज अग्रवाल महासभा (प0) द्वारा श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा 23 सितंबर 2022 को रामाकृष्ण मिशन पहाड़गंज से निकाली गई । यह शोभा यात्रा पिछले करीब 33 वर्षो से पहाड़गंज के अग्रवाल समाज द्वारा निकाली जाती है पिछले दो वर्षो से कोरोना के चलते ये शोभा यात्रा नही निकल पाई थी इसलिए इस वर्ष सभी सदस्यों में इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह था। यात्रा हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी रामाकृष्ण मिशन से शुरू होकर, पंचकुइया रोड़, नेहरू बाजार, मेन बाजार, डी बी गुप्ता रोड़ से होते हुए चूना मंडी इंपीरियल चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में पहाड़गंज के सभी अग्रवाल समाज के लोगो के साथ साथ दिल्ली की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के लोग सम्मिलित हुए सम्मिलित सदस्यों में बड़ी पंचायत के महामंत्री श्री सुमन गुप्ता जी वैश्य संगठन सभा से श्री अशोक गोयल, गणपत गोयल, शिव कुमार, राजकुमार, भगवान दास इत्यादि थे। इन गणमानय व्यक्तियों के अलावा श्री संजीव गर्ग, हरीश भरीजा, विजय मेहरा, , ललित अग्रवाल, कपील सैनी भूपेश गुप्ता आदि अनेक महानुभाव उपस्थित थे। इस शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल समाज के प्रधान श्री राधा कृष्ण बंसल जी, उपप्रधान श्री जगदीश चंद अग्रवाल जी, महामंत्री श्री अशोक कुमार व संयोजक और कोषाध्यक्ष श्री नितिन कुमार गुप्ता जी के नेतृत्व में पूर्ण हुआ। शोभा यात्रा को सुचारू रूप से चलाने का कार्य महाराजा अग्रसेन मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने बहुत अच्छी तरह से पूर्ण किया। जहा जहा से शोभा यात्रा निकल रही थी वहा पूरे रास्ते में विभिन्न संस्थाओं के व्यक्ति पुष्प वर्षा से शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे थे भरी बारिश के बीच भी सभी सदस्य इस शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए और महाराजा अग्रसेन जी का आशीर्वाद प्राप्त कर कृतार्थ हुए। ये सम्पूर्ण जानकारी संयोजक और कोषाध्यक्ष श्री नितिन कुमार गुप्ता ने दी।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

नोएडा। सेक्टर-44 स्थित छलेरा गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, महिला के परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर महिला की पीट पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस को अभी तक महिला के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मजयंती पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की

**आज पूरा विश्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को स्वीकार कर रहा है : आदेश गुप्ता**

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आज भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजंयती पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व उनकी एकात्म मानववाद के सिद्धांत को स्वीकार कर रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित उनकी 106वीं जन्मजयंती पर एक समारोह में श्री आदेश गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायकों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री श्री शिव प्रकाश, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ हर्षवर्धन, सांसद श्री रमेश बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विजय गोयल, प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थिति थे।



आदेश गुप्ता ने कहा कि आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु के नेतृत्व में बनी सरकार भारतीय विचारों के बजाए विदेशी विचारों से ज्यादा प्रभावित थी। महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, विपिन चंद पाल सहित अन्य महारथियों के भारतीयता से ओतप्रोत विचारों की बजाए प्रधानमंत्री नेहरु ने पश्चिमी देशों से प्रभावित होकर उसी के अनुरुप चलाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि उस वक्त व्यक्तिवाद, पूंजीवाद और मार्क्सवाद का बोलबाला था और पश्चिम के विचारधारा से नेहरु बहुत प्रभावित थे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि जनसंघ के विचारक और संस्थापक सदस्यों में से एक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया जिसका आधार भारतीय संस्कृति पर आधारित था और मानव को प्राकृति, समाज और अध्यात्म से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि उस समय पश्चिम की विचारधारा से दुनिया प्रभावित थी, इसलिए इस सिद्धांत को महत्व नहीं दिया गया, लेकिन आज पूरा विश्व इसे स्वीकार करने को आतुर है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत के अनुरुप ही कार्य कर रहे हैं बल्कि विश्व पटल पर भी भारतीय से ओतप्रोत इस एकात्म मानववाद सिद्धांत को प्रचारित कर रहे हैं। मानव, पर्यायवरण, प्राकृतिक और देशी विकास के सिद्धांत को अब विदेशों में भी मान्यता मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीयता का पूरे विश्व भर में बोलबाला है और व्यक्तिवाद, पूंजीवाद, और साम्यवाद जैसी विचारधारा से ज्यादा अन्त्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांत को महत्व मिल रहा है।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संस्कारों का उल्लेख करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे दीनदयाल के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लें।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों के अनुरुप समाज का विकास करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली होगी और इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो काम कर रहे हैं, हम सब को उसमें सहयोग करना चाहिए।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए सिद्धांतों का मूल सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करना है और आज भारत उसी के अनुरुप आगे बढ़ रहा है।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर सुना गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम

**पर्यावरण को लेकर हमें गंभीर होने की जरुरत है : आदेश गुप्ता**

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री गुप्ता ने आज शालीमार बाग साउथ मंडल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कहा कि देश में पर्यावरण को लेकर सभी को गंभीर होने की जरुरत है और खासकर दिल्ली में इसके प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सबसे ज्यादा जरुरत है।



आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा ही अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात से कोई न कोई संदेश देश के नाम जरुर देते हैं और अभी की स्थिति को देखते हुए यह बेहद जरुरी है कि हम पर्यायवरण को लेकर संवेदनशील हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृति प्रेम हमेशा से होना चाहिए तभी हम अपने जीवन के साथ समाज में भी एक नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। त्योहारों का महीना शुरु हो रहा है इसलिए जरुरी है कि हम पैकिंग में प्लास्टिक बैग की जगह नॉन प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल करें।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में इस वक्त पर्यावरण को लेकर काम करने की जरुरत है लेकिन केजरीवाल हैं जो अपने राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं। हमेशा से ही पर्यावरण दिल्ली के लिए प्रश्नचिन्ह खड़ा करता रहा है। उच्च न्यायालय ने कई बार केजरीवाल सरकार को फटकार भी लगा चुकी है, लेकिन केजरीवाल सिर्फ और सिर्फ अपने प्रचारवादी राजनीति में व्यस्त हैं।

# बेटी के प्रेमी की हत्या करने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। झूठी शान के लिए बेटी के प्रेमी की हत्या के आरोपी पिता को इकोटेक-3 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की बेटी और उसका प्रेमी शादी करना चाहते थे। युवती के पिता और चाचा इसका विरोध करते थे। पुलिस आरोपी चाचा को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

मूलरूप से मेरठ का रहने वाला अतुल कुलेसरा गांव में 15 साल से अपने परिवार के साथ रह रहा था। 21 वर्षीय अतुल का पड़ोस में रहने वाले संजय की बेटी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे को डेढ़ साल से जानते थे। युवती के परिजन अलग-अलग जाति के होने की वजह से उनकी शादी का विरोध करते थे। पुलिस के मुताबिक पांच दिन पहले युवती के पिता संजय और चाचा अनिल ने युवक अतुल को फोन किया था। दोनों ने कहा था कि वह शादी के लिए तैयार हैं। इसी झांसे में आकर अतुल उनसे मिलने आया था। आरोपी अतुल को शराब ठेके पर ले गए थे। वहां तीनों ने शराब पी और कुछ देर बाद अतुल की गर्दन पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि युवती के पिता संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने पड़ोस में रहने वाले प्रेमी की पांच दिन पहले हत्या कर दी थी।

# नीरज बवाना गैंग के गुर्गों के मर्डर का प्लान बना रहे 4 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राजधानी दिल्ली में एक बड़े गैंगवार की आशंका को टाल दिया है। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नीरज बवाना गैंग के सदस्यों की कथित तौर पर हत्या की साजिश रचने को लेकर प्रतिद्वंद्वी राजेश बवाना गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान अभिषेक (21), हिमांशु (20), नितिन (20) और अभिलाष (22) के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से चार पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, राजेश बवाना गिरोह के ये चारों सदस्य प्रतिद्वंद्वी नीरज बवाना गिरोह के सदस्यों रोहित और मोंटी सहरावत को जान से मारना चाहते थे। दरअसल, रोहित और मोंटी ने नीरज बवाना गिरोह के सदस्यों अभिषेक और चिराग की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। इसके अलावा, आरोपी पूर्वी दिल्ली के जेजे कॉलोनी वजीरपुर में रहने वाले एक व्यक्ति की भी हत्या की साजिश रच रहे थे।



डीसीपी (स्पेशल सेल) प्रमोद सिंह कुशवाह ने कहा कि चारों आरोपियों को 20 सितंबर की रात करीब 11 बजे आजादपुर में एक बस टर्मिनल के पास से पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि जिस कार और मोटरसाइकिल से वे आए थे, उन्हें भी जब्त कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान चारों ने बताया कि वह आबिद नाम के एक व्यक्ति की हत्या करने आए थे, जिससे अभिलाष की निजी दुश्मनी थी।

डीसीपी ने कहा कि आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि पिछले कुछ दिनों से वे लोग प्रतिद्वंद्वी नीरज बवाना गिरोह के सदस्य रोहित और जैकी को भी मारने की कोशिश कर रहे थे, जो हाल में जेल से बाहर आए थे। उन्होंने कहा कि उक्त मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथ नंबर 125 पर उत्साह के साथ मनाई जयंती

**बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सुना संबोधन**





**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की देशभर में रविवार को जयंती मनाई गई। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को सभी 1 लाख 72 हजार बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा जिला महेंद्रगढ़ स्थित विधानसभा क्षेत्र नाँगल चौधरी के अंतर्गत भाजपा प्रदेश बूथ नंबर 125 पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री दयाराम यादव विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में वृक्षारोपण किया गया और 5 फलदार पेड़ लगा कर देखभाल संरक्षक का दायित्व दिया गया। इस कड़ी में 5 ऐसे नल जहाँ पर टोंटी नहीं होने की वजह से व्यर्थ जल संरक्षण के लिए सार्वजनिक टंकी व नल कूपों पर टोंटी लगाई गई। इस अवसर पर मन की बात रेडियो कार्यक्रम में 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधन को कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के साथ सुना गया।

जिला महामंत्री दयाराम यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। उन्होंने एकात्म मानववाद की प्रेरणा व विचारधारा लोगों को दी। वे एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे और संघ के संस्थापक हेडगेवार का सानिध्य कानपुर में उनको मिला और संघ का शिक्षण कर वे जीवन वृति प्रचारक बने। वह आजीवन संघ के प्रचारक रहे और संघ के माध्यम से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में आए 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।

### उन्होंने आगे बताया कि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय

गुरु गोलवलकर की प्रेरणा से 1952 में कानपुर में अधिवेशन के दौरान उनको महामंत्री बनाया गया। 1967 कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय को भारतीय जन संघ के अध्यक्ष बनाए गए और कुछ ही दिनों के पश्चात 11 फरवरी 1968 को रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। पूरे देश में इस घटना को सुनकर शोक की लहर दौड़ गई। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर के कहा था कि यदि मुझे 2 दिन दयाल मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं। उन्होंने कहा कि, हर साल पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को अंतोदय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। आज जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी बनी पूरे देश वह दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आज उपाध्याय के सपनों को पूरा करने में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष की जयंती पर उनकी तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बीजेपी वरिष्ठ नेता रमेश तंवर, सोनू तंवर, नवीन, उत्तम, जयसिंह सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डांडिया नाइट का सफल आयोजन

- दिव्यांग प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित
- आदर्श एवं मर्यादाओं युक्त है श्री राम का जीवन : आदेश गुप्ता
- श्री राम का जीवन प्रेरणादायक : सतीश गर्ग

**विवेक शर्मा /गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 के द्वारा नवरात्रों के पूर्व संध्या पर भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान दिव्यांग बच्चों को मंच से सम्मानित किया गया। समाज सेविका बीना गुप्ता के निर्देशन में दिव्यांग बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रतिष्ठित गायकार वीरेन डंग, किरण उपाध्याय व मोहित खन्ना के गानों पर लोग जमकर थिरके।

कार्यक्रम का उद्घाटन आदेश गुप्ता अध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश, ओमप्रकाश गोयंका चेयरमैन आदर्श रामलीला कमेटी व सतीश गर्ग प्रवक्ता भाजपा दिल्ली प्रदेश ने किया । इस अवसर पर आदेश गुप्ता ने कहा कि श्री राम का चरित्र, कर्तव्यनिष्ठ, कर्म प्रधान, आदर्शों एवं मर्यादाओं से युक्त अति विनम्र व प्रेम प्रधान है । सतीश गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता प्रभु श्रीराम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मर्यादाओं का ही पालन किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के मुख्य संरक्षक अरुण बंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने सभी को महापर्व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामलीला के निदेशक नितिन बत्रा, सुमेधा गर्ग, मेला अध्यक्ष चंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल, संदीप गुप्ता, विजय बंसल, देवराज, प्रवीण कुमार सिंह, राकेश गुप्ता, राजेंद्र खंडेलवाल, बी पी गर्ग, उषा गोयल, रचना वशिष्ट, घनश्याम गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नशे के लिए लूट की फिराक में खड़ा आरोपी तमंचे संग दबोचा

नोएडा। सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान सेक्टर-17 की झुग्गी झोपड़ी की तरफ बने शौचालय के पास से अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे के लिए पैसा जुटाने को लूटपाट के इरादे से खड़ा था। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार नवरत्न पुत्र मुरारी प्रसाद निवासी जेजे कॉलोनी बवाना उत्तरी दिल्ली नशे का आदि है। नशा करने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। वह तमंचे के बल पर सेक्टर-17 में लूटपाट के मकसद से घूम रहा था। आरोपी की हालत को देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि नशे के लिए वह किसी भी राहगिर को गोली मारने तक से परहेज नहीं करता।

# मालिक की गालियों से गुस्साया नौकर, चाकू से गला रेतकर ली जान

**एजेंसी**

गुरुग्राम। गुरुग्राम में 42 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू से गला रेत कर हत्या करने के आरोप में उसके नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नौकर को करीब 15 दिन पहले की काम पर रखा गया था। पुलिस ने सोहना सदर थाने में हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान कानपुर के रहने वाले पवन उर्फ छोटू (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने खुलासा किया है कि मृतक नशे की हालत में था और उसे गालियां दे रहा था, इसलिए गुस्से में आकर उसने उसकी हत्या कर दी।

### दो सप्ताल पहले की पवन को काम पर रखा था

मृतक का नाम सतीश यादव (42) था, जो पेश से किसान था और सोहना के वार्ड 10 में रहता था। उसका गांव जाखोपुर के पास एक खेत था और उसने लगभग दो सप्ताह पहले पवन को उसकी देखभाल के लिए काम पर रखा था।

घटना शनिवार रात की है, जब सतीश यादव अपने खेत में शराब पी रहा था और पवन उसकी सेवा कर रहा था। आधी रात के बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और गुस्से में नौकर ने चाकू लेकर सतीश का गला रेत कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

### खून से लथपथ हालत में खेत में पड़ा मिला शव

पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह सतीश यादव का शव उनके परिवार वालों को खून से लथपथ हालत में खेत में पड़ा मिला। परजिनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई संदीप यादव की शिकायत पर सोहना सदर थाने में नौकर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

सोहना सदर थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर जय सिंह ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने खुलासा किया कि उसने सतीश यादव की हत्या इसलिए की क्योंकि उसने उसे गाली दी थी। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं और जल्द ही उसे अदालत में पेश करेंगे।

# यौन सेवा का झांसा देकर ठगने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने यौन सेवा की सुविधा देने के बहाने विदेशी नागरिकों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर कॉल सेंटर के मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक पॉर्न साइट पर पॉर्न मॉडल की फर्जी तस्वीरें लगाकर विदेशी नागरिकों को यौन सेवा देने का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने कॉल सेंटर से वारदात में प्रयोग की गई नौ हार्डडिस्क बरामद की हैं। आरोपी 39 वर्षीय रवि शेखर सिंह, 26 वर्षीय तरुण, 29 वर्षीय कृष्ण कुमार और 21 वर्षीय सत्यम तोमर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

पुलिस को दिलशाद गार्डन के मृगनयनी चौक के पास एक मकान में फर्जी कॉल सेंटर चलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया। टीम दिलशाद गार्डन स्थित मृगनयनी चौक के मकान की चौथी मंजिल पर पहुंची। वहां फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर नौ हार्ड डिस्क लगी हुई थीं। वहां मौजूद शख्स ने अपना नाम रवि शेखर सिंह और कॉल सेंटर का मालिक बताया। अंदर एक कमरे में तीन युवक कंप्यूटर पर काम कर रहे थे। वे पॉर्न साइट पर अलग-अलग जगह से लिए गए वीडियो को डाल रहे थे। साथ ही उस पर यौन सेवा के लिए पॉर्न मॉडल की नग्न तस्वीरें अपलोड कर रहे थे। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर कंप्यूटर, हार्ड डिस्क समेत अन्य सामान को जब्त कर लिया।

## संपादकीय

# सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती जिंदगी

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, फियर ऑफ मिसिंग आउट को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों मे हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है, और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। नजर भी कमजोर हो जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में ये साफ हुआ है कि अगर कोई बच्चा एक हफ्ते तक लगातार सोशल मीडिया का प्रयोग करते है, तो वह एक रात तक की नींद भी खो सकते है। अक्सर बच्चों के साथ ये होता है कि जब वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके सोते है, तो आंखें बंद करने के बाद भी उनके दिमाग में वह चीजें चलती रहती है, जो वो देखकर सोए है। सोशल मीडिया की लत एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें किशोर या युवा वयस्क सोशल मीडिया से मोहित हो जाते हैं और स्पष्ट नकारात्मक परिणामों और गंभीर कमियों के बावजूद ऑनलाइन मीडिया को कम करने या बंद करने में असमर्थ होते हैं। जबकि कई किशोर दैनिक आधार पर (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब, वाइन, स्नैपचैट और वीडियो गेम सहित) ऑनलाइन मीडिया के किसी न किसी रूप में संलग्न होते हैं, किशोर सोशल मीडिया की लत अत्यधिक खतरनाक है, एक बढ़ती हुई अच्छा महसूस करने के तरीके के रूप में सोशल मीडिया पर निर्भरता, और दोस्ती में नुकसान, शारीरिक सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्कूल में नकारात्मक प्रभाव के बावजूद इस व्यवहार को रोकने में असमर्थता चिंता का विषय बन गई है। दुनिया में हर पांचवा युवा यानी लगभग 19 प्रतिशत युवाओं ने साल भर के भीतर किसी न किसी तरह के खेल में पैसा लगाया है। इसमें वे ज्यादातर बार ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हुए है। आज के समय में सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग से युवा वर्ग में न सिर्फ आत्मविश्वास कम हो रहा है बल्कि अकेलेपन का भी आभास बढ़ रहा है। यही कारण है कि हताशा और चिंता भी बढ़ती है। पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर वैसे तो सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ी है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित युवा वर्ग हो रहा है। यहां तक की आत्महत्या का ख्याल भी युवाओं में बढ़ रही है। लंबे समय तक सोशल मीडिया पर बने रहने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो रहा है। ऐसे मामलों में 15 से 45 वर्ष आयु के केस अधिक सामने आ रहे हैं। जिसके कारण नींद की कमी के साथ-साथ कार्य की क्षमता भी प्रभावित होती है। आज का दौर मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स के बगैर अधूरा है। ऐसे में आप अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखकर और कुछ उपायों को अपनाकर सोशल मीडिया के एडिक्शन से बच सकते है। हम में से ज्यादातर लोग आज सोशल मीडिया के आदी हैं। चाहे आप इसका इस्तेमाल दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने के लिए करें या वीडियो देखने के लिए, सोशल मीडिया हम में से हर एक के लिए जाना-पहचाना तरीका है। प्रौद्योगिकी और स्मार्ट उपकरणों के प्रभुत्व वाली दुनिया में नेटफ्लिक्स को बिंग करना या फेसबुक पर स्क्रॉल करना, इन दिनों मिनटों और घंटों को खोना बहुत आम है।

# चम्पारण में गांधी



डॉ नन्दकिशोर साह

गांधी जी भले हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी विचारधारा और स्मृतियाँ आज भी मौजूद है। आज भी, गाँधीजी की पसंदीदा जगहों पर देश-विदेश के लोग उन्हें महसूस करने आते है। इस कड़ी में चम्पारण का गाँधी की राजनैतिक जिन्दगी में नि:संदेह बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। गाँधीजी ने स्वंय बार-बार स्वीकार किया है कि चम्पारण ने ही उन्हें हिन्दुस्तान से परिचय कराया। बापू की कर्मभूमि चम्पारण की पवित्र धरती भारतीय इतिहास के पन्नों पर सादगी और सौहार्द के लिए स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। यहाँ केवल महानेता ही नहीं बल्कि देवी-देवता भी जन्म लेकर अपने को गर्वान्वित समझा है। साहित्यकारों ने इस महानगरी की प्राकृतिक सुन्दरता पर अथक कलम चलाया है, यहाँ की नदियों में अपनी लेखनी डूबो-डूबो कर साहित्य की मेढ़ बनाई है।

उपनिवेशिक शासन से पीड़ित ग्रामीण भारत में शोषित किसान परिवारों के पक्ष में अहिंसात्मक सत्याग्रह की शुरुआत महात्मा गाँधी द्वारा चम्पारण में हुई थी। मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण हमारी आजादी की लड़ाई में चम्पारण के प्रसंगों का विलक्षण महत्व रहा है। महात्मा गाँधी का बुद्धिजीवी, किसान, श्रमिक वर्ग के साथ-साथ सत्याग्रही, समाज सेवी आदि अनेक क्षेत्र के लोगों के विचारों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। गाँधीजी ने अंग्रेजी शासन में निलहों के अत्याचार से पीड़ित, शोषित यहाँ के किसानों व आम लोगों के अन्दर चम्पारण की मिट्टी के गुण को जागृत कर अंग्रेजों को सात समुन्दर पार खदेड़ दिया। नील की खेती का काला अध्याय चम्पारण के इतिहास की पहचान है। अग्रेजों ने बेतिया राजा से तालमेल कर संयुक्त चम्पारण की लगभग आधी भूमि को अपने अधीन कर लिया, जिन पर वे नील की खेती कराते थे। तीन कटिया कानून बनाया। तब प्रति एक बीघा जमीन पर तीन कट्ठा नील की खेती करना किसानों के लिए अनिवार्य हो चला था। उपर से चालीस कर भी जबरन थोंपे गये थे। कानून नहीं मानने का परिणाम क्रूरता का नंगा नाच था।

पिताजी बताते थे कि नील की खेती के लिए तैयार किए गए खेत को देखने के लिए अंग्रेज के सिपाही घोड़े पर चढ़कर आते थे और मिट्टी के घड़ा को घोड़े के ऊपर से जमीन पर गिराते थे। अगर घड़ा फूट गया, इसका मतलब मिट्टी को सही तरीके से नील की खेती के लिए मुलायम नहीं किया गया है। इस पर एक बार सिपाही ने किसान से पूछा की मिट्टी मुलायम क्यों नहीं है? किसान ने बताया कि खेत की अभी पहली बार जुताई हुई है, दोबारा जोतने पर और मुलायम हो जाएगा, तो अंग्रेज के सिपाही ने कहा कि पहले दोबारा ही जोताई कर दो। इस प्रकार अंग्रेज के सिपाही अपनी मूर्खता के लिए भी क्रूरता अपनाते थे।

सन् 1892 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार चम्पारण में नील के 21 कारखाने थे। तब लगभग 9,570 एकड़ भूमि में नील की खेती होती थी।

1906 में किसानों ने उपद्रव शुरू किया। ढ़ाका थाना क्षेत्र के तेलहरा कोठि के प्रबंधक ढ़लूम फील्ड की हत्या कर दी गयी। साठी में शेख गुलाब के नेतृत्व में किसानों ने सभा कर संघर्ष का एलान किया। कोटवा के जसौली पट्टी गाँव निवासी बाबू लोमराज सिंह, शीतल राय आदि भी रैयतों को संगठित कर रहे थे। 1908 में परसा, भलहिया, बैरिया और कुड़िया कोठी में नीलहों पर हमले हुए। प्रतिरोध में आम लोगों के खिलाफ 57 मुकदमें दर्ज किये गये। इसमें कुल 226 को सजा हुई। किसान स्व0 शीतल राय को 30 माह की कैद व अन्य से तीस हजार रूपये सामूहिक जुर्माना वसूला गया। 1914 में बाबू लोमराज सिंह ने पीपराकोठी के मैनेजर नार्मन के खिलाफ उस समय के कमिश्नर को लगभग सात सौ किसानों का एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा था। वहीं पंडित राज कुमार शुक्ल नील के दागदार धब्बे से किसानों को मुक्त कराने के लिए इस मुद्दे को विभिन्न मंचों पर उछालते रहे। उन्होंने 1915 में छपरा के प्रान्तीय सम्मेलन के मंच से रैयतों की पीड़ा से लोगों को अवगत कराया। दिसम्बर, 1916 में पंडित राज कुमार शुक्ल ने लखनऊ में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में भी इस मुद्दे को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, पं0 मदन मोहन मालवीय व गाँधीजी के समक्ष रखा। फिर पंडित शुक्ल साबरमती आश्रम गये और गाँधीजी को लेकर पटना, मुजफ्फरपुर होते हुए 15 अप्रैल 1917 को अपराह्न 3:00 बजे चम्पारण के मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर उतरें। उनके आगमन से चम्पारण के किसानों के हृदय में धधकती ज्वाला को मानों हवा मिल गयी। गाँधीजी के साथ बाबू धरनीधर और बाबू रामनवमी प्र0 वकील आये थे। उनके साथ गाँधीजी ने दूसरे ही दिन किसानों की समस्याओं की पड़ताल शुरू कर दी। महात्मा गाँधी जब शहर के धर्म समाज चैक स्थित गोरख बाबू के मकान में ठहरे थे। उसी समय बाबू लोमराज सिंह ने यहाँ के किसानों के दर्द से उन्हें अवगत कराकर जसौलीपट्टी ले जाने को तैयार करा लिया। दूसरे दिन हाथी पर सवार होकर गाँधीजी अपने वकीलों के साथ जसौलीपट्टी के लिए प्रस्थान कर रहे थे। इसी बीच चंद्रहिया पहुँचते ही उन्हें नोटिस मिली, जिसमें तत्कालीन कलक्टर डब्ल्यू0बी0 हैकाक ने उन्हें जिला छोड़ने का आदेश दिया था। अंग्रेजी प्रशासन द्वारा गाँधी को चम्पारण छोड़ने का फरमान आग में घी का काम किया। गाँधीजी वापस मोतिहारी आ गये, लेकिन जिला छोड़ने से इनकार कर दिया। परिणाम स्वरूप धारा 144 के तहत् जारी सम्मन के आलोक में 18 अप्रैल, 1917 को एस0डी0ओ0 कोर्ट में दण्डाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर ऐतिहासिक बयान दिया, जिससे पूरे विश्व को सविनय अवज्ञा का नया मंत्र मिला। उन्होंने अपने संक्षिप्त बयान में कहा कि 'मैने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अधीन दिये आदेशों को जान बूझ कर अवहेलना करने का गंभीर कदम उठाया है। मेरी विनम्र राय में यह स्थानीय प्रशासन और मेरे बीच महज विचार के अन्तर का मामला है। मैं इस भू-भाग में राष्ट्रीय एवं मानव सेवा करने आया हूँ। यहाँ के रैयतों का कहना है कि नीलहे उनके साथ उचित बर्ताव नहीं करते है। अत: उन्होंने अपनी मदद के लिए मुझे आग्रह पूर्वक बुलाया है और उन्हीं के बुलावे पर मैं यहाँ आया हूँ। समस्याओं को भलीभांति समझे-बूझे बिना मैं उन लोगों की मदद कैसे कर सकता हूँ। इसलिए प्रशासन और नीलहों के इस मामले का अध्ययन करने मै यहाँ आया हूँ। मेरी कोई दूसरी नीयत नहीं है। मै यह नहीं मान सकता कि मेरे यहाँ आने से किसी भी तरह की शान्ति-भंग या खून-खराबा होगा। मेरा दावा है कि ऐसे मामलों में मैंने काफी अनुभव प्राप्त किये है, मगर सरकार कुछ दूसरा ही सोंचती है। उनकी कठिनाईयों की मैं पूरी तरह महसूस करता हूँ और यह मानता हूँ कि उससे जो जानकारी होगी, उसी पर चलना है।

कानून परस्त नागरिक के रूप में मेरे मन में महज यह भावना होगी और आइबी0 के दिये गये आदेश का पालन करूँगा, परन्तु जिसके वास्ते मैं यहाँ आया हूँ। उनके प्रति जो मेरी कर्तव्य भावना है, उसे कुचले बगैर मैं उस आदेश का पालन नही कर सकता हूँ। इसलिए स्वेच्छा से चम्पारण छोड़ देना संभव नही है। कर्तव्य की इस दुविधा के बीच मै इतना ही कर सकता था कि रैयतों की सेवा करने से मुझे विरत करने का दायित्व प्रशासन पर लाद दूँ। इस बात की मुझे चेतना है कि भारत के लोक जीवन में मुझ जैसे प्रतिष्ठा रखने वाले व्यक्ति को अंत में लोगों के सामने एक मिशाल पेश करने के लिए पूर्णरूपेण से सतर्क रहना चाहिए। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज जिस अजातीय वातावरण में हम जी रहे है। मनश्वी पुरूष के लिए, उस परिस्थिति मे, जो आज मेरे सामने मौजूद है। एक मात्र समुचित मार्ग वही है, जो मैने पकड़ा है। अर्थात किसी प्रतिवाद के बिना सत्ता के प्रति सम्मान की भावना से नहीं बल्कि अपनी आत्मा के प्रकट विद्यमान विवेक की पुकार पर की है।

उक्त बयान गाँधी संग्रहालय, मोतिहारी में शीलापट्ट पर गांधी स्तूप के निकट लिखा हुआ है। इस ऐतिहासिक दिन को यहाँ 'चम्पारण स्तृति दिवस' के रूप मे याद किया जाता है। इस बयान के महज चैथे दिन मुकदमा उठा लिया गया। इससे गाँधीजी की एक अलग पहचान बनी और चम्पारण स्वाधीनता आन्दोलन में एक मिशाल बन गया। इससे प्रभावित गाँधी ने पूरे चम्पारण दौरे का एलान किया। 22 अप्रैल 1917 को बेतिया पहुँचे। 14 नवम्बर को ढ़ाका के बड़हरवा, लखनसेन, 20 नवम्बर को भितिहरवा तथा 17 जनवरी 1918 को मधुबन में पाठशाला खोली।

06 अप्रैल 1936 को गाँधीवादी नेता पं0 प्रजापति मिश्र के प्रयास से 103 बीघा जमीन में ग्राम सेवा संघ की स्थापना कुमार बाग के वृन्दावन में की गयी। वृन्दावन संघन क्षेत्र में 35 बुनियादी विद्यालय खोले गये, जिसमें 17 अप्रैल, 1939 में वृन्दावन में स्थापित विद्यालय को देश का पहला बुनियादी स्कूल होने का गौरव प्राप्त है।

इसी क्रम में ग्राम सेवा संघ का पंचम एवं अंतिम अधिवेशन पं0 प्रजापति मिश्र के निर्देशन में 2 मई से 9 मई तक चला जिसमें गाँधीजी के अलावा काका कालेलकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल, भूला भाई देसाई, किशोरी लाल सहस्त्रबुद्धे, खान अब्दुल गफ्फार खां, मधुबाला, आचार्य जे0बी0 कृपलानी, डा0 राजेन्द्र प्रसाद, आशा देवी, आर्य नापरम, संत विनोबा भावे, डा0 कृष्ण सिंह, डा0 अनुग्रह नारायण सिंह, आचार्य बद्री नारायण वर्मा, डा0 जाकिर हुसैन आदि महान विभूतियाँ पधारें। अगस्त, 1942 में बम्बई के काँग्रेस कार्यसमिति में गाँधीजी के नेतृत्व में 'अंग्रेज भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित हुआ। 9 अगस्त, 1942 को गाँधी समेत सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया। चम्पारण के पं0 प्रजापति मिश्र भी गिरफ्तार कर लिये गये। लोगों ने कुमारबाग से चनपटिया तक रेलवे लाईन को उखाड़ दिया। 13 अगस्त, 1942 को सुगौली में इंजन और रेलवे को क्षतिग्रस्त कर दिया। हर तरफ 'करो या मरो' का नारा गुँजने लगा। 24 अगस्त, 1942 को बड़ा रमना बेतिया में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर अंग्रेजों ने मशीनगन से फायरिंग की। इसमें चम्पारण के आठ सपूत षहीद हो गये। इस तरह इतिहास की खुदाई में चम्पारण के हीरों की चमक काफी गहराई से निकलती दिखती है। हिमालय के दक्षिण में बसा चम्पा का वन आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की रचना स्थली, लव-कुश की जन्म स्थली, भक्त ध्रुव का तपोवन, बौद्धों का स्मारक एवं अशोक का स्थल है। जहाँ कल-कल निनाद करती प्रवहमान नारायणी जैसी पवित्र सरिता, अपनी धाराओं में सोना लुटाती पहाड़ी-नदियों, दर्जनों झीलों की मनोरम सौन्दर्य भूमि, निलहें अंगेजों द्वारा किसानों पर किये गये अमानवीय अत्याचारों का मूकसाक्षी एवं 10 जून 1885 को सारण से पृथक होकर स्वअस्तित्व में आया चम्पारण को, महात्मा गाँधी की कर्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में अपनी भूमिका के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व शांति में चम्पारण और गाँधी की भूमिका चिरस्मरणीय है। पंडित राजकुमार शुक्ल को किसान आंदोलन के एवज में दंड स्वरूप उन्हें कई बार अंग्रेजों के कोड़े और प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा। चंपारण किसान आंदोलन ही देश की आजादी का असली संवाहक था। वहां के किसानों के त्याग, बलिदान और संघर्ष की वजह से आज हम आजाद भारत में सांसें लेने के लिए स्वतंत्र हैं। चंपारण किसान आंदोलन देश की आजादी के संघर्ष का मजबूत प्रतीक बन गया था। राजकुमार शुक्ल को भारत के राजनीतिक इतिहास में वह जगह नहीं मिल सकी जो मिलनी चाहिए थी।

अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' के पांचवें भाग के बारहवें अध्याय 'नील का दाग' में गांधी लिखते हैं, 'लखनऊ कांग्रेस में जाने से पहले तक मैं चंपारण का नाम तक न जानता था। नील की खेती होती है, इसका तो ख्याल भी न के बराबर था। इसके कारण हजारों किसानों को कष्ट भोगना पड़ता है, इसकी भी मुझे कोई जानकारी न थी।

उन्होंने आगे लिखा है, 'राजकुमार शुक्ल नाम के चंपारण के एक किसान ने वहां मेरा पीछा पकड़ा। उसके जिद्द पर मुझे चंपारण जाना पड़ा।

# मानव सभ्यता में नदियों की भूमिका एवं वर्तमान परिदृश्य

पुखराज प्राज

कभी चिलचिलाती धूप में सोने के रत्न लिए चमकती, कभी धात्री जलराशि की बन जीवन को सिंचती, कभी धरा पर बारह मास कल-कल करती बहती सरिता....जाने कितना कुछ सहती सरिता? जीवन के प्राथम्य दौर से लेकर संस्कृति के गठन में जल के अविरल स्त्रोत सरिता यानी नदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नदी जो भूतल पर प्रवाहित एक जलधारा है। जिसका प्राथमिक स्त्रोत संभवत: कोई झील, हिमनद, झरना या बारिश का पानी होता है। ये नदियाँ प्राय: किसी सागर अथवा झील में गिरती है या किसी बड़ी नदी की सहायिका बन जलराशि को समर्पित करती है। नदी शब्द संस्कृत के नद्य: से उद्धत हुआ है। संस्कृत में ही इसे सरिता भी कहते हैं। नदी दो प्रकार की होती है- सदानीरा या बरसाती, जिसमें सदानीरा यानी बारह मास पानी की अवस्थिति और बरसाती यानी बारिश के तीन माह और जाड़े के माह तक जलराशि प्रवाहित होती है।नदियों का जन्म अधिकतर गलशियर अथवा झील से होता है। प्रकृति द्वारा विकसित एवं लगातार परिमार्जित मार्ग पर बहते पानी की अविरल धारा ही नदी है। बरसात उसे जन्म देती है। वह सामान्यत: ग्लेशियर, पहाड़ अथवा झरने से निकलकर समुद्र अथवा झील में समा जाती है। भारतवर्ष में लगभग 400 से अधिक प्रमुख नदियाँ हैं। उनमें से, गंगा नदी जल प्रवाह के अनुसार देश की सबसे बड़ी नदी है, जबकि सिंधु नदी लंबाई के हिसाब से सबसे बड़ी नदी है। राजस्थान में केवल 90 किमी बहने वाली अरवरी नदी को भारत की सबसे छोटी नदी कहा जाता है। नदियों का देश कहे जाने वाले भारतवर्ष में प्रमुख चार नदी या जलराशि प्रवाह प्रणालियाँ है हैं। उत्तरी भारत में सिंधु नदी अपवाह तंत्र, मध्य भारत में गंगा नदी अपवाह तंत्र, उत्तर-पूर्व भारत में ब्रह्मपुत्र नदी अपवाह तंत्र प्रणाली है। प्रायद्वीपीय भारत में नर्मदा कावेरी महानदी आदी नदियाँ विस्तृत नदी प्रणाली का निर्माण करती हैं।

ऋषियों, मनीषियों और ज्ञानियों के इस देश में नदियों का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व है। जैसे ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, स्कंदपुराण एवं अन्य ब्राह्मण ग्रंथों में गंगा सहित विभिन्न नदियों की महिमा का वर्णन है। पौराणिक मान्यताओं में विष्णु पुराण के अनुसार गंगा की उत्पत्ति भगवान विष्णु के बाएँ पैर के अँगूठे से हुई है। गंगा नदी जिसे भारत की सबसे पवित्र नदियों में एक माना जाता है। ऐसे ही भारतवर्ष में व्याप्त नदियों की कई पौराणिक कहानियाँ जुड़ी हूई है। इसके साथ ही नदियों के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक महत्व है। खासकर, नदियाँ खेती के लिए महत्वपूर्ण तो हैं। इसके साथ-साथ उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी का स्त्रोत होती हैं।

नदियां न सिर्फ जल प्रदत्त होती है, अपितु घरेलू एवं औद्योगिक गंदे व अवशिष्ट पानी को अपने साथ बहकर ले भी जाती है। बड़ी नदियों का उपयोग जल परिवहन के रूप मे भी किया जा रहा है। वर्तमान परिदृश्य में नदियों का अतिदोहन, नदियों पर अतिक्रमण और नदियों से बेतहाशा रेत उत्खनन का होना नदियों के लिए परेशानी का सबब है। मनुष्यों के अतिक्रमण के शिकार कई नदियाँ आज विलुप्त हो चुँकि है और कई नदियाँ दम तोड़ रही हैं। वास्तव में नदियों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम या पहल नहीं उठाया जाना भी नदियों के लिए बड़े खतरे का संकेतक हैं। शहरों के अधिकांश कूड़े-कचरे नदियों में बहा दिये जाते हैं। वहीं नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बों के लोग भी कचरा आदि नदियों में फेंकते हैं।

## जयंती (26 सितम्बर) पर विशेष

# नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर

एक गरीब परिवार में जन्मे ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने स्ट्रीट लाइट की रोशनी में कैसे अपनी पढ़ाई की और कैसे बंगाल पुनर्जारण के प्रमुख स्तंभ बन गए, यह लगभग हर किसी ने पाठ्य पुस्तकों में पढ़ा होगा लेकिन फिर भी अधिकांश व्यक्ति उनके बारे में ज्यादा नहीं जानते। 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे ईश्वर चंद्र विद्यासागर का बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। महान् समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, तथा स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चंद्र गांव के स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात् अपने पिता के साथ कोलकाता आ गए थे। वे बहुत मेधावी छात्र थे, जिसके चलते उन्हें कोलकाता में कई संस्थानों से छात्रवृत्तियां मिली। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ही वे संस्कृत भाषा और दर्शन के विद्वान माने जाने लगे, इसीलिए उन्हें विद्यार्थी जीवन में ही संस्कृत कॉलेज ने 'विद्यासागर' (विद्या का सागर) की उपाधि प्रदान की। इस तरह वे ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय से ईश्वर चंद्र विद्यासागर बन गए।

1839 में कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दो वर्ष बाद फोर्ट विलियम कॉलेज में संस्कृत विभाग के प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभाला। पांच वर्षों तक यहां अपनी सेवाएं देने के पश्चात् उन्होंने संस्कृत कॉलेज में सहायक सचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाली और शिक्षा पद्धति में सुधार लाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। कुछ मतभेदों के कारण उन्हें यह कॉलेज छोड़ने पर विवश होना पड़ा। 1849 में उन्होंने साहित्य के प्रोफेसर के रूप में इसी कॉलेज में पुन: वापसी की और कुछ ही समय बाद इसी कॉलेज के प्रिंसिपल बनने पर उन्होंने कॉलेज के दरवाजे सभी जातियों के बच्चों के लिए खोल दिए तथा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। उनका मानना था कि अंग्रेजी और संस्कृत भाषा के ज्ञान का समन्वय करके ही भारतीय तथा पाश्चात्य परम्पराओं का श्रेष्ठ ज्ञान हासिल किया जा सकता है।

ईश्वर चंद्र नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई। स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए उन्होंने स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की। स्कूलों के खर्च के लिए वे विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए वे एक बार अयोध्या के नवाब के पास गए, जो अपनी निर्दयता और कंजूसियत के लिए विख्यात था। जब उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए नवाब से दान देने का आग्रह किया तो नवाब ने उनके थैले में अपना जूता डाल दिया। शांतचित्त विद्यासागर चुपचाप वहां से चले आए और अगले ही दिन नवाब के महल के सामने उसी जूते की नीलामी का कार्यक्रम आयोजित कर डाला। जूते की एक हजार रुपये में नीलामी हो गई। यह जानकर नवाब खुश हुआ और उसने विश्वविद्यालय के लिए एक हजार रुपये की राशि दान में दे दी।

बंगाली की कई वर्णमालाओं में संशोधन कर उसे सरल तथा आधुनिक बनाने में अमिट योगदान के कारण उन्हें 'आधुनिक बंगाली भाषा का जनक' भी माना जाता है। 1848 में उन्होंने बांग्ला भाषा की अपनी प्रथम गद्य रचना 'वैताल पंचविंशति' का प्रकाशन किया। संस्करण व्याकरण के नियमों पर भी किताब लिखी। वर्णमाला के अलावा महाकवि कालिदास के शकुंतला नाटक सहित कई पुस्तकों का संस्कृत से बंगाली में अनुवाद भी किया। बांग्ला लिपि की वर्णमाला को सरल व तर्कसम्मत बनाने के अलावा उन्होंने बांग्ला पढ़ाने के लिए सैंकड़ों विद्यालयों और रात्रि पाठशालाओं की स्थापना की।

# वार रूम तक पहुंच चुके केजरीवाल से भाजपा को सजग होने की है जरूरत



उपेन्द्र नाथ राय

बात 1989 के लोकसभा चुनाव की है। बोफोर्स का मुद्दा जोर पकड़ रहा था। वीपी सिंह कांग्रेस से अलग होकर इसको तूल देने में जुटे थे। उस चुनाव से पूर्व एबीवीपी ने इस मुद्दे को हवा देने में महती भूमिका निभाई थी। जैसा कि बैठक में रहने वाले एक पदाधिकारी ने चर्चा के दौरान बताया था कि इस पर पहली बैठक डीयू में हुई थी, जिसमें प्रमुख रूप से एक वरिष्ठ पत्रकार और एक भाजपा के एक वरिष्ठ नेता शामिल थे। अब मामला गरम होता चला गया। इसी बीच कांग्रेस इस मुद्दे को ठंडा करना चाहती थी। उसकी इच्छा थी कि संघ और एबीवीपी इस मुद्दे पर मौन रहे, आगे का काम हम कर ले जाएंगे।

उस मुद्दे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता से कांग्रेस के एक अल्पसंख्यक व राजीव गांधी के चहेते नेता ने बात की और मुलाकात करने की इच्छा जताई। दोनों लोगों की बैठक एक अंधेरे कमरे में हुई, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता ने विद्यार्थी परिषद और संघ के मौन रहने के मुद्दे को सिरे से नकार दिया, लेकिन उस बीच एक दांव भाजपा को मिल गया। वह था, अल्पसंख्यक कांग्रेसी नेता के साथ आये एक आईबी अधिकारी का भाजपा के थिंक टैंक से मुलाकात। उस समय आईबी का अधिकारी कांग्रेस के वार रूम में रहता था। वह कांग्रेस की हर गतिविधि से परिचित था। उसने धीरे से भाजपा नेता को एक पर्ची पकड़ाई। उसमें उसने लिखा, 'यदि आप चाहें तो मैं आपसे मिलकर कुछ वार्ता करना चाहता हूं, जो आपकी पार्टी के लिए फायदेमंद रहेगा। उसमें उसने मोबाइल नम्बर भी लिखा था। वह अधिकारी उस समय पंजाब में कांग्रेस द्वारा चलाए गये अभियान से नाराज था।

इसके बाद भाजपा नेता ने अंधेरी कोठरी में फिर उस अधिकारी से बुलाकर वार्ता की (ऐसी वार्ता के लिए अंधेरी कोठरी का प्रयोग इस कारण किया जाता है, जिससे कि कोई विडियो या फोटो न बना सके।) उसने बताया कि हम कांग्रेस के वार रूम में हैं, जहां पर हर एक गोपनीय योजना बनाई जाती है। हम आपको पूरी खबर किसी अभियान से पहले ही दे देंगे। बात पक्की हो गयी। कांग्रेस कोई भी अभियान चलाने को सोचती, भाजपा को पता हो जाता और उसके अनुसार पहले से ही पार्टी तैयार हो जाती और पहली बार किसी भी लोकसभा चुनाव में भाजपा के दहाई में सदस्य निर्वाचित हुए। भाजपा दो लोकसभा से 83 सीटें प्लस करते हुए 85 सीटें जीत सकी। इसके साथ ही वीपी सिंह की पार्टी 143 सीटें आयी। कांग्रेस की 207 सीटें कम हो गयी और 197 पर ही जीत सकी। उसमें बोफोर्स की अहम भूमिका तो थी ही, जिसे सब जानते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण भूमिका आईबी अधिकारी की भी थी,, जिसे लोग नहीं जानते।

यह हकीकत बताने की पीछे का मकसद सिर्फ एक है, वर्तमान में भी ऐसा आभास होता है कि भाजपा के वार रूम तक आम आदमी पार्टी की पहुंच हो गयी है, जिससे भाजपा की अधिकांश गतिविधियों के शुरू होने से पूर्व ही अरविंद केजरीवाल को चल जाता है। मनीष सिसोदिया पर ताबड़तोड़ छापेमारी से बहुत पहले ही अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा कर दी थी। अब यदि कोई खुद इसे कह रहा है कि हमारे यहां छापा पड़ने वाला है। उसके कई माह बाद छापा पड़े तो क्या संभव है, उसके यहां कोई सुबूत भी मिल पाएगा। सिसोदिया के यहां छापा के बाद अभी तक तो यही हकीकत भी देखने को मिल रही है।

आज की तिथि में यह भी देखने को मिल रहा है कि यदि नेताओं में अपनी बात को त्वरित गति से बदलने वाला कोई नेता है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं। क्षेत्रीय पार्टियों में दो राज्यों में सरकार बनाने वाली कोई पार्टी है तो आप है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि आने वाले समय के अभी तक विपक्षी हीरो अरविंद केजरीवाल ही दिख रहे हैं। इसका एक अंदरूनी कारण आईएएस लाबी में उनकी ज्यादा पहुंच का होना जान पड़ता है।

हालांकि बिहार के बेताज बादशाह, गठबंधन के नया-नया फार्मूला अपनाने वाले नितीश कुमार की वर्तमान स्थिति देखा जाय तो संभव है कि आने वाले कुछ दिनों में अरविंद केजरीवाल का भी लोक आकर्षण कम हो जाय, लेकिन यदि वे गुजरात विधानसभा चुनाव में कुछ भी विधायकों को जीताने में कामयाब हो जाते हैं तो आने वाले पांच सालों तक तो उनकी चमक को फीका करने वाला कोई नहीं रह जाएगा। दूसरे ओर वादा और काम के बारे में देखा जाय तो भाजपा ने बहुत काम किये, लेकिन जो प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ती है। उसमें से कई को चुनाव बाद खुद भुला देती है।

आमजन भी भूल जाता है। जैसे 2014 के चुनाव में हमें याद है, नरेन्द्र मोदी के अधिकांश चुनाव में कहा करते थे, मनमोहन सिंह जी के उम्र के बराबर डालर की कीमत बढ़ती जा रही है। आज डालर और रूपये की कोई तुलना ही नहीं करता। हालांकि 370, राम मंदिर या अन्य ऐसे कई एजेंडे भाजपा के गठन के बाद से ही चले आ रहे थे, जिसे नरेन्द्र मोदी ने निपटा दिया। स्वच्छता अभियान जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने मुहिम छेड़ी और आज अधिकाशं आमजन जागरूक दिखते हैं।

दूसरी ओर भ्रष्टाचार के खिलाफ महाआंदोलन से निकली चिंगारी के रूप में पैदा हुई आम आदमी पार्टी को देखा जाय तो सर्वाधिक आप के नेता ही भ्रष्टाचार में फंसते नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद जनाधार बढ़ता जा रहा है। इसका कारण है, लोगों का दिमाग इधर से उधर मोड़ने में अरविंद केजरीवाल माहिर हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ चले अन्ना आंदोलन में शामिल होने वाले अरविंद केजरीवाल का अपने नौकरी के दौरान भी कोई ऐसा इतिहास नहीं मिलता, जिसमें उन्होंने किसी भ्रष्टाचारी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की हो। जब नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बनारस से लोक सभा चुनाव का पर्चा भरने के लिए अरविंद केजरीवाल दिल्ली से चले थे तो आम आदमी दिखाने के लिए ट्रेन से सफर किया लेकिन गुजरात का चुनाव प्रचार चार्टर्ड प्लेन से कर रहे हैं। इसके बावजूद आमजन का दिल जीतने में सफल हैं। यूं कहें कि नरेन्द्र मोदी तो कई बेहतर काम कर चुके लेकिन अरविंद केजरीवाल तो दिल्ली में बिना नये स्कूल खोले भी बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने में कामयाब रहे। इन सबको देखकर ऐसा लगता है कि आने वाले समय में भाजपा को कांग्रेस से नहीं आम आदमी पार्टी से सजग रहने की जरूरत पड़ेगी।

## राष्ट्रकवि दिनकर

सृष्टि का सूर्य दूजा हो नहीं सकता
दिनकर भी दूजा हो नहीं सकता,
राष्ट्रकवि साहित्य के प्रखर रवि हैं
इनकी तुलना हो नहीं सकता ।

भारत के गौरव ,गंगा पुत्र हो तू
करते रहे हिंदुस्तान हेतु हुंकार,
संस्कृति के चार अध्याय रचकर
दिया विश्व को अनुपम उपहार।

कुरुक्षेत्र,रश्मिरथी,हुंकार देकर
साहित्य को किया अति समृद्ध,
उर्वशी ,रेणुका का सृजन कर
हिंदी को किया बहुत उपकृत ।

लेखनी उगलती रही नित वीर रस
भरते रहे वीरों में राष्ट्रीय चेतना,
राष्ट्रभक्ति हेतु समर्पित रहे सदा तू
तुझे सताती रही गुलामी की वेदना

तुझे चाहत थी भीम, अर्जुन की
आलसी,कायर तुझे पसंद नहीं,
तू अटल रहे सदा हिमालय सा
देशद्रोही,गद्दार तुझे पसंद नहीं।

बच्चे भी कवि को अति प्यारे ,
बच्चे होते हैं राष्ट्र की शान ,
दुग्ध की किल्लत होने पर
स्वर्ग लूटने का किया आह्वान ।

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित
राष्ट्रकवि का करते अभिनंदन,
हम सब आपके ही बच्चे हैं
करते हैं नित नम्र नमन वंदन ।

## शार्ट न्यूज

### लखनऊ में बांका मार कर किसान की हत्या, मारपीट में भाई का कर रहा था बचाव

लखनऊ। लखनऊ के काकोरी में रविवार सुबह पुरानी रंजिश में किसान की बांका मार कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले किसान के भाई पर हमला किया था। जिन्हें बचाने के दौरान किसान को बांका मारा गया है। बिगहू निवासी रामसेवक के मुताबिक उनके परिवार की एक लड़की को गांव का ही युवक बहला कर ले गया था। बेटी के वापस आने के बाद से ही दोनों परिवार में तनातनी बनी हुई थी। रविवार सुबह वह काम पर जा रहे थे। रास्ते में विपक्षियों ने उन्हें रोक कर गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट करने लगे। झगड़े की सूचना मिलने पर रामशंकर और उनकी बेटी मदद के लिए पहुंच गए। रामसेवक को बचाने का प्रयास कर रहे किसान पर विपक्षियों ने बांके से हमला कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने से वह निढाल होकर गिर पड़े। किसान की बेटी को भी बुरी तरह से पीटने के बाद आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची काकोरी पुलिस ने रामशंकर और उनकी बेटी को अस्पताल पहुंचाया। जहां रामशंकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इंस्पेक्टर रामेश्वर कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### लखनऊ में डेंगू का कहर, 3 दिन में 70 से ज्यादा मरीज पॉजटिव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रुक-रुक कर हो रही बारिश से डेंगू का खतरा बढ़ गया है। तीन दिनों के भीतर 70 से ज्यादा लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। इसमें कार्ड और एलाइजा जांच शामिल है। शनिवार भी 30 लोगों की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कोरोना की चपेट में तीन लोग आए हैं। कोरोना के कुल 55 सक्रिय मरीज हैं। इनमें 16 मरीजों की एलाइजा जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 14 मरीजों की कार्ड जांच डेंगू की पुष्टि हुई है। पक्की जांच के लिए 14 लोगों के नमूने स्टेट लैब में भेजे गए हैं। सिविल अस्पताल की ओपीडी में डेंगू की आशंका में 30 से अधिक लोगों की जांच कराई गई। इनमें कार्ड जांच में 14 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। लोकबंधु अस्पताल की एलाइजा जांच में 16 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसमें 10 भर्ती, छह मरीज ओपीडी के हैं। बुखार के बाद जांच कराई गई थी। कार्यवाहक सीएमओ डॉ. आरके चौधरी के मुताबिक एलाइजा जांच में पॉजिटिव मिले रोगी के घरों पर एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

### विंध्याचल नवरात्र मेला सोमवार से, तैयारियां पूरी

मिर्ज़ापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में प्रमुख तीर्थ स्थल विन्ध्याचल में 26 सितंबर से प्रख्यात विंध्याचल नवरात्र मेला शुरू होने जा रहा है। इसके लिये की गयी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में रविवार को मिर्जापुर की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा इंतजामों सहित अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि पूरा मेला क्षेत्र ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों की जद में होगा। मेला सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मित्तल ने बताया कि आधुनिक उपकरणों से युक्त बम निष्क्रिय दस्ता एवं जल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेगे। यात्रियों की सहूलियत की दृष्टि से इस बार कई नये प्रयोग किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खुद यहां आकर इस मेला की तैयारियों को जायजा लिया था। मां विन्ध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में चरण छूने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध अतिविशिष्ट व्यक्तियों पर भी लागू होगा। उन्होंने बताया कि पंडों, नाईयो और सफाईकर्मी के लिए ड्रेस कोड में रहने के आदेश दिए गए हैं। दुकानदारों और वाहन स्टैंडो पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे तीर्थयात्रियों को उचित कीमत पर हर सामान मिल सके। नौ दिन तक चलने वाले मेले में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### बस्ती : नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों की खर्च सीमा होगी 09 लाख रुपये

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को नामांकन से लेकर चुनाव खर्च की धरोहर जमा करने तक कुल 9 लाख रुपये खर्च करने की छूट दी जायेगी। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव संचालन पर खर्च होने वाली धनराशि की अधिकतम सीमा को शासन ने 9 लाख रुपया कर दिया है। नगरीय निकायों के निर्वाचन में विभिन्न पदों हेतु नाम निर्देशित पत्रों का मूल्य एवं जमानत धनराशि तथा उम्मीदवारों द्वारा किये जाने वाले व्यय की अधिकतम सीमा का निर्धारण किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को नाम निर्देशन पत्र पर 5 सौ रुपया व जमानत धनराशि 8 हजार रुपया जमा करनी होगी। वहीं, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नाम निर्देशन पत्र 250 रुपया व जमानत धनराशि 4 हजार रुपया तय है। इस चुनाव में सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जायेगी। साथ ही चुनाव खर्च की अधिकतम व्यय सीमा को भी बढ़ाकर 09 लाख रुपया निर्धारित किया गया है। नगर पालिका परिषद के सदस्य पद हेतु अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए नाम निर्देशन पत्र 200 रुपये व जमानत धनराशि 2000 हजार रुपया व आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नाम निर्देशन पत्र 100 रुपया व जमानत राशि 1000 रुपया निर्धारित की गई है। इस पद पर चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 02 लाख रुपये निर्धारित की गयी है।

### भगत सिंह के नाम पर चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम करना स्वागत योग्य : संधू

सहारनपुर। अमर शहीद भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह संधू ने चंडीगढ़ स्थित अंतरराज्यीय हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर किये जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा है कि वर्षों पुरानी यह मांग पूरी होने से पूरे देश और खासकर पंजाब में युवा वर्ग बेहद खुश और उत्साहित होगा। सहारनपुर में रह रहे भगत सिंह के भतीजे ने यूनीवार्ता को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में आज आल इंडिया रेडियो पर यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को भगत सिंह जयंती मनायी जाती है। शहीद भगत सिंह का जन्म पंजाब के जिला नव शहर में खटकडकला गांव में सरदार किशन सिंह संधू और माता विद्यावती कौर के घर में हुआ था। नव शहर का नाम अब 'शहीद भगत सिंह नगर' हो गया है। शहीदे आजम से नवाजे गये भगत सिंह को अंग्रेज हुकूमत ने 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी थी। सरदार किरणजीत सिंह संधू ने कहा कि वर्ष 2007 में सरदार भगत सिंह की जन्म शताब्दी मनाई गई थी, तब चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर किये जाने की मांग उठी थी। पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और हरियाणा के उस समय के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधान सभाओं से इस आशय के प्रस्ताव पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। बाद में प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार ने आठ साल के इंतजार के बाद इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा, अंत भला सो सब भला।

### सुभासपा की 'सावधान यात्रा' आज होगी रवाना

लखनऊ। बिहार विधान सभा के आगामी चुनाव और इसके बाद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) की अगुवाई वाले गठबंधन से हाल ही में अलग हुये सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की 'सावधान यात्रा' को कल 26 सितंबर को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जायेगा। सुभासपा की ओर से रविवार को दी गयी जानकारी के अनुसार पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय से सुबह नौ बजे इस यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। लगभग एक महीने तक चलने वाली सावधान यात्रा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न ज़िलों से होती हुई 27 अक्तूबर को सुभासपा के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाप्त होगी। सावधान यात्रा के समापन पर 27 अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में सुभासपा ने 'सावधान महारैली' का आयोजन किया है।

## योगी सरकार के छह माह

# दहशत में अपराधी, चले बुलडोजर, 2200 करोड़ की संपत्तियां जब्त

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल में भी कानून-व्यवस्था से संबंधित घोषणाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा। इस दौरान एक तरफ जहां पुलिस को मजबूती देने के प्रबंध हुए वहीं अपराधियों का आर्थिक साम्राज्य ध्वस्त करने की कार्रवाइयां भी हुईं। साथ ही प्रदेश स्तर पर चिह्नित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 2200 करोड़ से अधिक की संपत्तियों को जब्त या ध्वस्त किया गया।

छह महीने में पुलिस ने ड्रग माफिया और शहरों में अवैध बस-टैक्सी स्टैंड के खिलाफ भी अभियान चलाकर कार्रवाई की। अवैध ड्रग्स और मादक पदार्थों के धंधे में शामिल माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 40 करोड़ के अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त



किए गए। अभियान में पुलिस ने 2833 संदिग्ध आरोपियों को चिह्नित कर 2479 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की और 2277 मुकदमे दर्ज किए।

### छह माह की बड़ी उपलब्धियां

- -एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन
- -अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे जेल मैन्युअल में बदलाव
- -ई-प्रॉसीक्यूशन मोबाइल एप विकसित
- -प्रदेश में 1531 थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना
- -उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन
- -अयोध्या में एसटीएफ की इकाई गठित
- -देवबंद, बहराइच, अलीगढ़, कानपुर सहित कई अन्य जिलों में एटीएस की नई फील्ड यूनिट गठित
- -परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर एक-एक साइबर क्राइम थाने की स्थापना
- -प्रदेश में 3195 एंटी रोमियो स्क्वॉयड गठित
- -बंदियों के लिए 56 जिलों को मॉडर्न प्रिजन वैन उपलब्ध कराई गई
- -धार्मिक स्थलों से 75190 लाउडस्पीकर हटाए गए
- -50 हजार से अधिक लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई गई
- -पॉस्को और महिला अपराध के मामलों में 2273 को सजा दिलाई
- -थाना स्तर पर 16158 टॉप टेन अपराधियों से 648 करोड़ की संपत्ति जब्त
- -प्रदेश में 56591 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर व 795 के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई
- -68784 अतिक्रमित स्थलों और 76196 अवैध पार्किंग स्थलों को मुक्त कराया गया

### ये कार्य प्रक्रिया में

- -लखनऊ में इंस्टीट्यूट आफ फोरेंसिक साइंस की स्थापना
- -लखनऊ में डिजिटल फॉरेंसिक लैब की स्थापना
- -रेंज स्तर पर साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना

## लखनऊ में दबंगों ने व्यापारी को पीट कर मार डाला

लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज में मौरंग व्यापारी एजाज उर्फ राजू बाक्सर को दबंगों ने पीट कर मार डाला। शनिवार रात दुकान पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। एजाज को बचाने के लिए उनके दो बेटे आरोपियों से भिड़ गए थे। जिन्हें भी दबंगों ने लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### ललकारते हुए पिता-पुत्र पर बोला हमला

नेपियर रोड निवासी एजाज बहादुर उर्फ राजू बाक्सर (55) के परिवार में पत्नी नाज, बेटे रमीज और सैफ हैं। रमीज की तहसीनगंज में अवध ट्रेडर्स के नाम से मौरंग-बालू की दुकान है। इसी दुकान को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। रमीज के अनुसार शनिवार रात वह दुकान पर मौजूद था। तभी पंकज, सुरेश, अक्षत और राज कुमार दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे। रमीज के एतराज जताने पर आरोपियों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। रमीज के साथ छोटा भाई सैफ भी था। जिसने पिता एजाज को फोन कर आने के लिए कहा। सैफ की कॉल आते ही एजाज दुकान पहुंच गए। उन्हें देखते ही पंकज व उसके साथियों ने ललकारते हुए कहा कि इसे मार डालो सब झंझट खत्म हो जाएगा। इतना कहने के बाद आरोपी एजाज पर टूट पड़े। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। खून से लथपथ पिता को बचाने के लिए रमीज और सैफ भी आरोपियों से भिड़ गए। डण्डे और पत्थर से किए गए वार में एजाज को गम्भीर चोट लगने से वह बेसुध होकर गिर पड़े। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विजय यादव के मुताबिक एजाज, उनके बेटे रमीज और सैफ पर हमला करने के बाद बदमाश फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही तीनों को अस्पताल ले जाया गया था। जहां एजाज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पंकज और सुरेश को गिरफ्तार किया गया है।

## उप्र में चार आईएएस और चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के विशेष सचिव स्तर के चार अधिकारियों और राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के भी चार अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है।

सरकार के आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार को जारी तबादला आदेश में भाषा विभाग के विशेष सचिव पवन कुमार और लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा राज्य सरकार में खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव रविन्द्र कुमार 1 को आबकारी विभाग के विशेष सचिव के रूप में तैनात किया गया है।

वहीं, प्रशासनिक सुधार विभाग के विशेष सचिव धीरेन्द्र सिंह सचान को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में एटा के अपर जिलाधिकारी सुनील कुमार सिंह और राज्य सरकार की लखनऊ स्थित प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की अपर निदेशक डा अलका वर्मा को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में विशेष सचिव तैनात किया गया है। औरैया की अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान को लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बनाया गया है।

## योगी ने पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं 'एकात्म मानववाद' दर्शन के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की रविवार को 160वीं जयंती के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने आज सुबह लखनऊ स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उपाध्याय जी का स्पष्ठ कहना था कि प्रगति का पथ समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को साथ लेकर हो सकती है। इसीलिये दीनदयाल जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में भी मनाते हैं।

## कानपुर में हजरत मखदूम शाह आला उर्स के चलते लखनऊ हाईवे जाम

कानपुर। जाजमऊ में रविवार से शुरू हुए हजरत मखदूम शाह आला का 764वें उर्स मुबारक पर जुटे लाखों अकीदतमंद। इसके चलते दरगाह स्थल से लेकर दरगाह मार्ग पर भीड़ आ गई जिसकी वजह से कानपुर-लखनऊ हाईवे पर जाम लग गया। हालांकि डायवर्जन की वजह से काफी राहत रही। मौके पर मौजूद पुलिस भीड़ को किनारे कर वाहनों को पास कराती रही जिससे राहगीरों को ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा।

हजरत मखदूम शाह आला का उर्स के चलते रविवार को सड़क पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए। चुंगी चौराहे पर हाईवे की सर्विस लेन तो पूरी



तरह से बंद हो गई थी, भीड़ फ्लाई ओवर पर भी जमा होने से कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लग गया। दोनों लेन पर वाहनों की लाइन लग गई। मौके पर चकेरी, जाजमऊ, रेलबाजार और कैंट थाने का पुलिस बल मौजूद था। हालांकि उर्स को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले से डायवर्जन कर रखा था, लेकिन ज्यादा भीड़ होने के चलते जाम की समस्या होने लगी। पुलिसकर्मी फ्लाई ओवर से लोगों को किनारे कर दोनों लेन से वाहनों को गुजारने में लगे रहे। जाम से कानपुर से उन्नाव जाने वाली लेन पर हरजेंदर नगर तक और उन्नाव से कानपुर आने वाली लेन पर पुराने गंगापुल तक लाइन लगी रही। वाहन फ्लाई ओवर से रेंग रेंगकर चल रहे थे।

## घर में सो रहे डेढ़ महीने के मासूम को किया अगवा

### 50 हजार रुपये में बेचने की थी तैयारी, पति-पत्नी समेत चार गिरफ्तार

कलादैवी। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक मासूम को अगवा कर बेचने की तैयारी चल रही थी। लेकिन पुलिस ने वक्त रहते बच्चे को सकुशल बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये मामला जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र के सेमला गांव का है।

नानकचंद का घर गांव के बाहर खेतों में है। बुधवार को उसकी पत्नी सविता 2 साल की बेटी और डेढ़ महीने के मासूम बेटे के साथ झोपड़ी में सो रही थी। इस दौरान रात में उसका 45 दिन का बेटा गायब हो गया। जिसके बाद सविता ने थाने में इसकी शिकायत की। एसपी



चक्रेश मिश्रा ने बच्चे की खोज में टीमों को खोज पर लगाई।

पुलिस को सूचना मिली की गायब बच्चा अतरासी गांव के रहने वाले राजवीर के घर है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर मासूम को बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि सेमला गांव के सुरेश और उसकी पत्नी मुन्नी, राजवीर और दिल्ली के रहने वाले प्रेमचंद को गिरफ्तार किया गया है।

### 50 हजार रुपये में हुई थी डील

आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि 50 हजार रुपये में मासूम को बेचने की तैयारी थी। पुलिस ने बताया कि प्रेमचंद के साढ़ू के बेटे की मौत हो गई है जिस कारण उसने अपने साढ़ू को मासूम बच्चा लाकर देने की योजना बनाई थी। जिसके लिए उसने सुरेश और उसकी पत्नी से संपर्क किया। पति-पत्नी ने बच्चा चुराकर पचास हजार रुपये में प्रेमचंद को दे दिया था।

## दोस्त की नाबालिग बहिन को भगा कर की शादी, गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में भमोरा थाना क्षेत्र के निवासी एक युवक को पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को परिवार वालों की अनुमति के बिना घर से भगा ले जाकर शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर अपने ही दोस्त की नाबालिग बहन को परिजनों की अनुमति के बिना घर से ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि भमोरा निवासी बृजपाल बीते 09 सितंबर को मौका पाकर अपने दोस्त की 17 वर्षीय बहिन को उसके घर से अपने साथ भगा कर ले गया। वारदात के वक्त युवती अपने घर पर अकेली थी। लड़की के परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। जब वह नहीं मिली तो 13 सितंबर को गांव के ही 20 वर्षीय बृजपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार देर शाम पुलिस ने युवक व लड़की को हिरासत में लिया है। सोमवार को मेडिकल के बाद युवक और किशोरी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बृजपाल लड़की के भाई का दोस्त है, इसलिए उसका लड़की के घर आना-जाना था।

## आगामी त्योहारी सीज़न को लेकर झांसी प्रशासन जुटा तैयारियों में

झांसी। आगामी त्योहारी सीज़न को ध्यान में रखकर उत्तर प्रदेश का झांसी जिला प्रशासन कानून व्यवस्था से लेकर अन्य सभी तरह की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियों में जुट गया है।

इसी क्रम में यहां विकास भवन में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश एस ने अन्य अधिकारियों के साथ रविवार को समीक्षा बैठक की। आगामी दिनों में आने वाले पर्वों एवं त्योहारों-नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा, बारावफात, दीपावली आदि के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित जूम एप के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस के साथ कानून व्यवस्था के साथ साथ गड्ढामुक्ति अभियान, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व सैनिटाइजेशन आदि के सम्बन्ध में भी समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने जनपद, तहसील तथा थाना स्तर के सभी अधिकारियों को इन त्योहारों को सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न किए जाने के लिए संवेदनशीलता, अनुशासन, गरिमा का परिचय देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी धर्म व सम्प्रदायों के धर्मगुरुओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों आदि के साथ बात करें, अधिकारी छोटी से छोटी बातों का भी संज्ञान लें और समस्याओं का निराकरण करें। पूजा-पण्डालों व रामलीला मंचन के स्थानों के आस-पास साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं।

## 08 किग्रा अफीम के साथ दो तस्कर एसटीएफ के हत्थे चढ़े

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिये योगी सरकार द्वारा शुरु किये गये विशेष अभियान के तहत राज्य पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो सदस्यों को 08 किग्रा अफीम के साथ बरेली से गिरफ्तार किया है। इसकी अनुमानित कीमत 04 करोड़ रुपये बतायी गयी है। एसटीएफ की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को बरेली में अफीम की खेप के साथ कल रात 20:35 बजे शाही तिराहे पर स्थित यात्री स्टैण्ड के सामने से पकड़ा गया। इनके पास से लगभग 04 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 08 किग्रा अफीम बरामद की गयी।

## गंगा-यमुना में नाला बहाने पर प्रयागराज नगर निगम को 75 करोड़ का नोटिस

प्रयागराज। प्रयागराज नगर निगम के लिए नालों का गंदा पानी सीधे गंगा-यमुना में बहाना महंगा पड़ सकता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय ने नगर निगम को कारण बताओ नोटिस भेज दिया है। नगर निगम से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के आरोप में निगम पर 75 करोड़ आर्थिक दंड लगाएगा। बिना बायो रेमिडियल शोधन के नालों का पानी गंगा-यमुना में बहाने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय ने नगर निगम को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। नगर निगम ने कोई जवाब नहीं दिया तो पीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय ने रिपोर्ट लखनऊ स्थित मुख्यालय भेज दी। इसके बाद मुख्यालय के सदस्य सचिव ने 75 करोड़ जुर्माने की राशि के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जुलाई और अगस्त में शहर के 60 नालों का पानी बिना शोधन के ही गंगा-यमुना में बहा दिया गया था।

### 17 महीने शव को जिलाने के किए सारे जतन, एक-एक लाख में खरीदे सिलेंडर

जब पहली बार नोटिस दिया गया तो नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि मानसून (जुलाई से अक्तूबर) में नालों के पानी का शोधन नहीं किया जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नगर निगम के इस जवाब से संतुष्ट नहीं है। यही वजह है कि अब दूसरा नोटिस जुर्माना की राशि के साथ भेजा है। अगर बोर्ड इस बार भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो निगम पर जुर्माना लगा सकता है।

### इकाई को भी जारी हो सकता है नोटिस

सूत्रों के अनुसार एसटीपी में क्षमता से अधिक पानी शोधन के मामले में भी पीसीबी मुख्यालय गंभीर है। पीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय ने की टीम ने मौके पर एसटीपी की जांच में पाया था कि प्लांट में क्षमता से अधिक पानी का शोधन किया जा रहा है। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को इस लापरवाही पर नोटिस भेजा गया था। इकाई की ओर से भेजे गए जवाब से पीसीबी संतुष्ट नहीं है। लिहाजा मुख्यालय गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को भी कारण बताओ नोटिस भेज सकता है।

## 180 दिन के सुशासन का योगी सरकार का दावा खोखला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को राज्य की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह माह पूरे होने पर राज्य सरकार की उपलब्धियों के दावों को खोखला बताया है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सरकार के दूसरे कार्यकाल के 180 दिनों की उपलब्धयों को 'युगांतरकारी सुशासन' के उत्कृष्ट मानक बताया। दूसरी ओर, अखिलेश ने इसके जवाब



में योगी सरकार के उन कामों का जिक्र करते हुए इन दावों को खोखला बताया जिनके पूरा होने की तय समयसीमा बीत गयी और वे अब तक शुरु भी नहीं हो पाये। उन्होंने इस बार योगी सरकार के मंत्रियों को ही नहीं, बल्कि अधिकारियों को भी निशाने पर लेते हुए उन पर गलतबयानी करने का आरोप लगाया। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा, भाजपा सरकार में मंत्रियों की तरह अधिकारी भी फर्जी दौरे एवं झूठे वायदों व नकली निरीक्षण के लिए 'कुख्यात' हो चुके हैं। सपा अध्यक्ष ने कन्नौज में इत्र पार्क बनाने की योजना को लेकर योगी सरकार के वरिष्ठ अधिकारी नवनीत सहगल को आरोपों के घेरे में लेते हुए एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा, योगीजी के निकटस्थ अधिकारी नवनीत सहगल जी बताएं कि आपके द्वारा कन्नौज में जो डेडलाइन डेट दी गई थी, उसका काम शुरू भी हुआ या नहीं ? वेलोड्रोम का भी वही हश्र ना हो कहीं ? गौरतलब है कि सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग (एमएसएमई) के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव के रूप में सहगल ने कन्नौज का इत्र पार्क इस साल अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिये थे।

## बस्ती : उपमुख्यमंत्री ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण

बस्ती। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को बस्ती में स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण कर मानकों के अनुरूप इसका निर्माण समय से पूरा कराने का निर्देश दिया जिससे छात्रों को समय से हरसंभव सुविधायें उपलब्ध करायी जा सकें। जिला प्रशासन की ओर से बताय गया कि उपमुख्यमंत्री पाठक ने 11.65 लाख रुपये की लागत से निर्मित पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रशासनिक भवन, बाउंड्रीवाल, वर्कशाप आदि का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका कार्य समय सीमा के भीतर प्रक्रिया के तहत पूरा कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि इस संस्थान को पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव और जिले के मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## शार्ट न्यूज

### कीमती धातुओं में नरमी

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने से डॉलर में आई तेजी के दबाव में वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं के गिरने के बावजूद स्थानीय स्तर मांग कायम रहने से बीते सप्ताह सोना मामूली बढ़त पर रहा वहीं चांदी 500 रुपये प्रति किलोग्राम उतर गई। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 30.04 डॉलर प्रति औंस टूटकर सप्ताहांत पर 1644.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसी तरह अमेरिकी सोना वायदा भी चार डॉलर प्रति औंस उतरकर 1667 डॉलर प्रति औंस रह गया। सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.58 डॉलर प्रति औंस गिरकर 18.98 डॉलर प्रति औंस रह गई। बीते सप्ताह देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सप्ताहांत पर सोना 28 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 49408 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, सोना मिनी 69 रुपये उतरकर 49382 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। समीक्षाधीन अवधि में चांदी 500 रुपये सस्ती होकर 56220 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। चांदी मिनी भी 454 रुपये की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 56698 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

### इंदौर किराना बाजार : शक्कर महंगी, साबूदाना- खोपरा गोला सस्ता

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर में उठाव बढ़ा रहा इससे महंगी बिकी। खोपरा गोला तथा बूरा मांग कमी से कम हुआ। हल्दी में मांग रही। साबूदाना सस्ता बिका। स्थानीय किराना बाजार में मंगलवार को शक्कर 3680 से 3720 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3710 से 3750 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 160 से 180 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुलने के बाद शनिवार को 158 से 178 रुपये होकर बिका। हल्दी में मांग सुधार लिए रही इसमें व्यापार 100 से 162 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा भी प्रति 15 किलोग्राम सस्ता बिका। इसमें कामकाज 1925 से 3175 रुपये के स्तर पर चला। साबूदाना में पूछपरख घटने से गिरावट दर्ज की गई।

### इंदौर अनाज मंडी : चना, तुअर, मूंग मजबूत, दालों में मिश्रित रंगत

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग के साथ सप्ताहांत दलहन जिन्सों में चना, तुअर, मूंग के भाव मजबूती लिए बताए गए। सप्ताहांत मसूर सस्ती बिकी। इस दौरान दालों में मिश्रित रंगत रही। तुअर, मूंग तथा मसूर दाल सहित उड़द मोगर में भाव कम ज्यादा हुए। चावल में उठाव सुधार लिए बताया गया। सप्ताहांत चना कांटा 4800 से 4850 रुपये खुलने के बाद 4850 से 4875 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 6700 से 6900 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 5800 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 6800 से 7500 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 6800 से 8000 रुपये रुपये खुलकर 6800 से 8000 रुपये बिकी। उड़द 7400 से 7600 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। मसूर 6100 से 6150 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6100 से 6125 रुपये होकर प्रति क्विंटल बिकी। दालों में मांग रही। सप्ताहांत तुअर, मूंग दाल, मूंग मोगर, उड़द मोगर के साथ मसूर दाल में भाव कम ज्यादा हुए। कारोबार के मध्य चावल तथा पोहा में ग्राहकी सुधार लिए रही।

### इन्दौर. खाद्य तेल : सोयाबीन रिफाइंड सस्ता, तिलहन मजबूत

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव नरमी लिए रहे। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में भाव बने बताए गए। कपास्या खली में नरमी दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1690 से 1710 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1680 से 1690 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 1155 से 1160 रुपये पर खुलकर 1145 से 1150 रुपये बिका। पाम तेल 990 से 995 रुपये खुलकर 980 से 985 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव बने बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में नरमी दर्ज की गई।

### सर्राफा बाजार : सोना -चांदी में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान सोना 100 रुपये तथा चांदी 300 रुपये सस्ती होकर बिकी। चांदी सिक्का मजबूत बताया गया। कारोबार की शुरुआत में सोना 50900 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 51000 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 57300 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 57000 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 51400 नीचे में 50800 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 58300 तथा नीचे 56900 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1645 डॉलर तथा चांदी 1885 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर जाने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 86.15 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 4.86 प्रतिशत के दबाव के साथ 79.43 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### अनिल अंबानी को राहत! कर्ज में डूबी इस कंपनी को खरीदने के लिए दो दिग्गज कंपनी मिल कर लगाएंगी बोली

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल की सब्सिडियरी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के अधिग्रहण के लिए पीरामल समूह और ज्यूरिख इंश्योरेंस मिलकर बोली लगाने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया कि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित इस विशेष उद्देश्य इकाई में पीरामल समूह और ज्यूरिख इंश्योरेंस दोनों की आधी-आधी हिस्सेदारी हो सकती है। दोनों ही कंपनियों ने रिलायंस कैपिटल के सामान्य बीमा कारोबार के लिए अगस्त में गैर-बाध्यकारी निविदाएं जमा करवाई थीं। ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कहा कि कर्ज समाधान प्रक्रिया से गुजर रही रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए उसने अलग से पेशकश भी दी है। हालांकि उसने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के अधिग्रहण के लिए पीरामल समूह के साथ संभावित उपक्रम के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। वहीं, पीरामल एंटरप्राइजेज ने भी इस विषय पर भेजे गए ईमेल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। प्रस्तावित संयुक्त उपक्रम अगर सफल समाधान आवेदक के तौर पर सामने आता है तो इसके साथ ही भारत के सामान्य बीमा कारोबार में ज्यूरिख इंश्योरेंस का प्रवेश हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस का मूल्यांकन करीब 9,450 करोड़ रुपये आंका गया है।

### हेल्दी कर्मचारी को 1 महीने का एक्स्ट्रा वेतन और 10 लाख का इनाम

नई दिल्ली। ऑनलाइन ब्रोकिंग फर्म ज़ेरोधा के को-फाउंडर और सीईओ नितिन कामथ ने शनिवार को अपनी कंपनी के कर्मचारियों एक नया चलैंज दिया है। उन्होंने एक नई स्वास्थ्य पहल की घोषणा की है। कामथ ने अपने कर्मचारियों को अपने फिटनेस ट्रैकर्स पर डेली एक्टिविटि टारगेट फिक्स्ड करने की चुनौती दी। साथ ही अगले साल तक जो इस टारगेट को पूरा कर लेगा उसे बोनस के तौर पर एक महीने का वेतन देने का वादा किया।

# भारत-यूएई संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इंटरनेशनल बिजनेस समिट और अवार्ड्स

**संवाददाता/गौरवशाली भारत**





नई दिल्ली। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए, ऑब्जर्वर डॉन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पत्रिका और ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बीईसीआईएल) ने शेख मोहम्मद बिन अहमद बिन हमदान बिन मोहम्मद अल नाहयान के संरक्षण में दुबई के सबसे खूबसूरत होटल अटलांटिस-द पाम में इंटरनेशनल बिजनेस समिट और अवार्ड्स का आयोजन किया। जिसमें दोनों देशों के बिजनेस टाइकून और प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

महासचिव जनता दल (यू) पूर्व सांसद केसी त्यागी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे वहीं अहमद एलमेटवाली जो शेख मोहम्मद बिन अहमद बिन हमदान बिन मोहम्मद अल नाहयान कार्यालय के सीईओ हैं अति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख अतिथियों में एफटीआईआई के पूर्व अध्यक्ष, फिल्म अभिनेता और पंडित लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपति गजेंद्र चौहान, डॉ हरिओम त्यागी, ग्रुप एडिटर, ऑब्जर्वर डॉन मीडिया ग्रुप एवं बू अब्दुल्ला, चेयरमैन, बू अब्दुल्ला ग्रुप आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार विकास पर भी चर्चा का आयोजन किया गया। यह दुबई में आयोजित एक तरह का बिजनेस कॉन्क्लेव था। अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार के मूलभूत बिंदुओं पर विचार मंथन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यवसायियों में अधिक से अधिक सहयोग पर बल देना, एक दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान करना व निवेशकों और निवेश के इच्छुक संस्थाओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम में भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच किस तरह से व्यापार आसानी से किया जा सकता है इस पर भी चर्चा हुई और कुछ प्रमुख चुनौतियों का समाधान प्रदान करने के लिए सुझाव दिए गया। इस अवसर पर 3 दर्जन से अधिक हस्तियों और कंपनियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित की जाने वाली हस्तियां और कंपनियां इस प्रकार हैं : अनिका स्टेरिलिस प्राइवेट लिमिटेड को हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी ऑफ द ईयर में उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया। लाइफटाइम अचीवमेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार, ए श्रीनिवासन, चेयरमैन, डीएस ग्रुप को मिला। दुबई में सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड नाइट्स आयोजक का पुरस्कार प्रिंस वर्मा, ऑरा नाइट द्वारा जीता गया। बेस्ट अफोर्डेबल हाउसिंग डेवलपर ऑफ द ईयर सैनफ्रान ग्रुप को दिया गया, जबकि मीडिया और ब्रांडिंग इंडस्ट्री में लीडरशिप अवार्ड सुश्री हरजोत ओबेरॉय बोहरा, हेड प्रमोशन एंड मैगजीन, खलीज टाइम्स को दिया गया।

इंटरनेशनल बिजनेस आइकन ऑफ द ईयर का पुरस्कार डॉ प्रतीक सूरी को, बेस्ट फॉरेक्स प्लेटफॉर्म, मीना रीजन ऑफ द ईयर का अवार्ड ब्लूचिप ग्रुप ऑफ कंपनीज को मिल। बेस्ट लॉजिस्टिक कंपनी ऑफ द ईयर का पुरस्कार इंटरग्लोब मरीन एलएलसी को मिला व बेस्ट इवेंट प्रोडक्शन कंपनी ऑफ द ईयर का पुरस्कार वीके एक्जीबिशन एंड डेकोर इंडस्ट्री एलएलसी को दिया गया। वहीं सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड को उत्तर भारत का विश्वसनीय डेवलपर का और मेराकी इंफ्रा ग्लोबल को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप का पुरस्कार मिला।

बेस्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड एकेएस इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को दिया गया जबकि एएसपी ग्रुप को बेस्ट इंटरनेशनल इवेंट कंपनी ऑफ द ईयर पुरस्कार मिला। बेस्ट एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड ब्रांड स्प्रिंग इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। बेस्ट मिनी रत्न पीएसयू ऑफ द ईयर का अवॉर्ड ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड मिला और बेस्ट स्टार्टअप ऑफ द ईयर (ब्यूटी एंड स्टाइल) का अवार्ड इन्फिनिटी ब्यूटी सैलून को मिल। बेस्ट कम्युनिटी एंटरटेनर ऑफ द ईयर का पुरस्कार विशाल को, बेस्ट को-वर्किंग ऑफिस स्पेस ब्रांड का पुरस्कार आईडीएस ग्लोबल बिजनेस सेंटर को दिया गया।

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (यूएई) का पुरस्कार सुश्री जेनोफर फातिमा को, सबसे प्रभावशाली वित्त और कानूनी पेशेवर, संयुक्त अरब अमीरात का अवॉर्ड हर्ष पटेल को और सर्वश्रेष्ठ आयात-निर्यात ट्रेडिंग कंपनी का पुरस्कार अमेजिंग ड्रीम्ज़ कंपनी को मिला। बेस्ट स्कूल ऑफ़ द ईयर पुरस्कार टेंडर हार्ट स्कूल को, मोस्ट इनोवेटिव एंड प्रॉमिसिंग डेवलपर ऑफ़ द ईयर पुरस्कार जेकेएम बिल्डकॉन को दिया गया। अंज़ा इन्वेस्टमेंट को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय निवेश सलाहकार, प्रद्युम्न सिंह को वर्ष के अग्रणी नेता (रियल-एस्टेट) के पुरस्कार से नवाजा गया। बेस्ट टूर एंड ट्रैवल ऑफ द ईयर का अवार्ड सिटी वन टूरिज्म एंड ट्रैवल एलएलसी को दिया गया। बेस्ट एशियन रेस्तरां ऑफ द ईयर का अवॉर्ड एशिया किचन मेनलैंड चाइना को व बेस्ट लॉ कोलाज ऑफ द ईयर का अवार्ड श्री मंगलम कॉलेज ऑफ लॉ एंड मैनेजमेंट को दिया गया। आइकॉन ऑफ द ईयर का अवार्ड डॉ. बू अब्दुल्ला, चेयरमैन, बू अब्दुल्ला ग्रुप ऑफ कंपनीज को, बेस्ट लग्जरी एंड पैकेजिंग पेपर डिस्ट्रीब्यूटर का अवॉर्ड सोना पेपर्स को व बेस्ट इमर्जिंग यूनिवर्सिटी का पुरस्कार सिक्किम स्किल यूनिवर्सिटी ने जीता। इसके अलावा लक्सुरिया होटल मैनेजमेंट एलएलसी को बेस्ट होटल मैनेजमेंट कंपनी ऑफ द ईयर का अवॉर्ड और तुलसी एग्रो इंजी. मशीन प्रा. लिमिटेड को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ एग्रोटेक मशीन निर्माता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं एडवोकेट दीपा शर्मा को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कानूनी सलाहकार व मोस्ट ट्रस्टेड एस्ट्रोलॉजर एंड लाइफ कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड डॉ. संदीप कोचर को दिया गया।

इस अवसर पर ऑर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ हरिओम त्यागी ने कहा की इस कार्यक्रम का मकसद भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार बढ़ाना और दोनों देशों के व्यापारियों के लिए साझा मंच प्रदान करके व्यापार को बढ़ावा देना है।

# वैश्विक रुख और आरबीआई के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर



मुंबई। बेकाबू महंगाई को नियंत्रित करने के लिए दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर बढ़ाने से वैश्विक बाजार के कोहराम के दबाव में बीते सप्ताह 1.26 प्रतिशत तक गिरे सेंसेक्स और निफ्टी में अगले सप्ताह वैश्विक रुख और रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा पर निवेशकों की नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 741.87 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 58098.92 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.5 अंक टूटकर 17327.35 अंक पर रहा।

इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली होने से बीएसई का मिडकैप 256.8 अंक उतरकर 25271.41 अंक और स्मॉलकैप 386.63 अंक कमजोर होकर 28812.76 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, आसमान छू रही महंगाई पर लगाम लगाने के लिए बीते सप्ताह अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन, स्वीट्जरलैंड एवं नॉर्वे के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दर में बढ़ोतरी कर दी है। इससे हतोत्साहित निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम मच गया। वहीं, दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी से रुपया अबतक के रिकॉर्ड निचले स्तर 81 रुपये प्रति डॉलर के पार तक लुढ़क गया।

इससे घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जमकर बिकवाली की। बीते सप्ताह एफआईआई बाजार में 4361.77 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर जारी रहेगा।

इस परिदृश्य में अगले सप्ताह आरबीआई की होने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। साथ ही अगले सप्ताह सितंबर का मासिक वायदा सौदा निपटान भी होना है। इस परिस्थिति में बाजार में उठापटक रह सकती है। ऐसे में छोटे निवेशकों को सतर्कता बरतने की सलाह है। बीते सप्ताह सोमवार और मंगलवार की तेजी को छोड़क बाजार में लगातार तीन दिन भारी गिरावट देखी गई। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 300.44 अंक उछलकर 59141.23 अंक और निफ्टी 91.40 अंक मजबूत होकर 17622.25 अंक पर रहा। इसी तरह वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 578.51 अंक की छलांग लगाकर 59719.74 अंक और निफ्टी 194 अंक अर्थात 1.1 प्रतिशत उछलकर 17816.25 अंक पर पहुंच गया।

वहीं, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में भारत का विकास अनुमान घटाने से हतोत्साहित निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले दो दिन से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स 262.96 अंक लुढ़ककर 59456.78 अंक और निफ्टी 97.90 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत उतरकर 17718.35 अंक पर आ गया।

महंगाई नियंत्रित करने के लिए अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 337.06 अंक लुढ़ककर 59119.72 अंक और निफ्टी 88.55 अंक उतरकर 17629.80 अंक पर रहा। दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर बढ़ाने से वैश्विक बाजार के लुढ़कने के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 1020.80 अंक का गोता लगाकर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 58098.92 अंक और निफ्टी 302.45 अंक की गिरावट लेकर 17327.35 अंक पर आ गया।

# सेंसेक्स की टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप घटा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,34,139.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 741.87 अंक या 1.26 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., बजाज फाइनेंस और आईटीसी को छोड़कर शीर्ष 10 की सूची की अन्य कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 40,558.31 करोड़ रुपये घटकर 16,50,307.10 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 25,544.89 करोड़ रुपये घटकर 8,05,694.57 करोड़ रुपये रह गई।

अडानी ट्रांसमिशन का बाजार मूल्यांकन 24,630.08 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 4,31,662.20 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 18,147.49 करोड़ रुपये टूटकर 6,14,962.99 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 9,950.94 करोड़ रुपये घटकर 4,91,255.25 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 9,458.65 करोड़ रुपये घटकर 10,91,421.84 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 5,848.78 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,74,463.54 करोड़ रुपये रह गया।

इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 35,467.08 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,29,525.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 20,381.61 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,29,198.61 करोड़ रुपये रही। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 13,128.73 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 4,54,477.56 करोड़ रुपये रहा।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, अडानी ट्रांसमिशन और आईटीसी का स्थान रहा।

# 1 शेयर के बदले 4 बोनस शेयर देगी अंशुनी कमर्शियल्स

नई दिल्ली। स्मॉल-कैप कंपनी अंशुनी कमर्शियल्स अपने निवेशकों को मुनाफा देने की तैयारी में है। अंशुनी कमर्शियल्स जल्द ही बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 4:1 के रेशियो में बोनस शेयरों की घोषणा की है। इसका मतलब है कि शेयरहोल्डर्स को रिकॉर्ड डेट पर 1 इक्विटी शेयर के मुकाबले 4 बोनस शेयर मिलेंगे।

कंपनी ने अपने नियामक फाइलिंग में कहा है कि यह हमारे कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों को 4 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश के संबंध में है। 1 (एक) मौजूदा इक्विटी शेयरों पर चार बोनस इक्विटी शेयर अप्रूवल किए गए हैं। कंपनी के शेयरधारकों ने 23 सितंबर, 2022 को आयोजित सालाना आम बैठक में इसकी मंजूरी दे दी है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022 को तय किया गया।

इसका बाजार मूल्य रू 0.10 करोड़ है। 1984 में अपनी स्थापना के बाद से, अंशुनी कमर्शियल्स लिमिटेड ने रत्न और आभूषण उद्योग में 30 से अधिक सालों से एक्टिव है। यह लाइट पॉलिश किए हुए हीरों के साथ सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता बाजारों में कार्य करता है।

# 1 अक्टूबर से होने जा रहे कई बड़े बदलाव, जेब पर पड़ेगा बड़ा असर


**नई दिल्ली।** हर महीने की शुरुआत में कई नियम बदल जाते हैं। इनका आपकी जिंदगी और जेब दोनों पर असर पड़ता है। अक्टूबर की पहली तारीख से कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव सीधे आपकी जेब पर असर डालेंगे। इन बदलावों में क्रेडिट-डेबिट कार्ड के नियमों से लेकर अटल पेंशन योजना से जुड़ी अहम नियम एलपीजी की कीमत और म्यूचुअल फंड के बदलाव तक शामिल हैं।

### 1. बदल जाएंगे डेबिट और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम

देशभर में बढ़े रहे साइबर ठगी के मामलों पर शिकंजा कसने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अगले महीने से अहम बदलाव करने जा रहा है। दरअसल, आरबीआई क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों के लिए 1 अक्टूबर से कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन नियम ला रहा है। आरबीआई के मुताबिक, इस नियम के लागू होने के बाद कार्डहोल्डर्स को ज्यादा सुविधाएं और सुरक्षा मिलेगी।

### 2. अटल पेंशन योजना में बदलाव

मोदी सरकार की सबसे पॉपुलर स्कीम अटल पेंशन योजना में बड़ा बदलाव हुआ है। 1 अक्टूबर से टैक्सपेयर्स इस योजना से नहीं जुड़ सकेंगे। हाल ही में सरकार की तरफ से जारी एक नोटिफिकेशन में इसकी सूचना दी गई है। नवीनतम संशोधन में कहा गया है कि 1 अक्टूबर 2022 से कोई भी ऐसा नागरिक जो आयकर दाता है या पहले रहा है, अटल पेंशन योजना में शामिल होने के लिए योग्य नहीं होगा।



### 3. घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में हो सकता है बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को सिलेंडर की कीमतों में बदलाव होता है। माना जा रहा है कि एक सितंबर को भी पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमत बदलाव कर सकती हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि दाम घट सकते हैं।

### 4. म्यूचुअल फंड नियमों में बदलाव

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए अगले महीने से अहम बदलाव होने जा रहा है। 1 अक्टूबर के बाद म्यूचुअल फंड निवेशकों को नॉमिनेशन डिटेल देना जरूरी होगा। नॉमिनेशन डिटेल नहीं देने पर निवेशकों को डिक्लेरेशन भरना होगा। इसमें नॉमिनेशन की सुविधा नहीं लेने की बात बतानी होगी।

# रुपये में कमजोरी से बढ़ेगी महंगाई, आम आदमी की बढ़ेगी मुसीबत



नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के 81.09 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर जाने से कच्चे तेल और अन्य जिंसों का आयात महंगा हो जाएगा जिससे महंगाई और बढ़ जाएगी। मुद्रास्फीति पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकतम सुविधाजनक स्तर छह फीसदी से ऊपर बनी हुई है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को बार-बार बढ़ाने से भारतीय रुपये पर बना दबाव व्यापार घाटा बढ़ने और विदेशी पूंजी की निकासी की वजह से और बढ़ने की आशंका है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति इस सप्ताह के अंत में द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करने वाली है। इसमें मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए वह रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला कर सकती है। भारत अपनी 85 फीसदी तेल जरूरतों और 50 फीसदी गैस जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है।

ऐसी स्थिति में रुपये में कमजोरी का असर ईंधन की घरेलू कीमतों पर पड़ सकता है। मिल मालिकों के संगठन सॉलवेंट एक्सट्रेक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा कि इससे आयातित खाद्य तेलों की लागत बढ़ जाएगी। इसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

### ये सामान हो सकते हैं महंगे

अगस्त 2022 में वनस्पति तेल का आयात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 41.55 फीसदी बढ़कर 1.89 अरब डॉलर रहा है। कच्चे तेल का आयात बढ़ने से अगस्त में भारत का व्यापार घाटा अगस्त में दोगुना से अधिक होकर 27.98 अरब डॉलर हो गया।

इस वर्ष अगस्त में पेट्रोलियम, कच्चे तेल एवं उत्पादों का आयात सालाना आधार पर 87.44 फीसदी बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हो गया। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, जिंसों के दामों में कमी का मुद्रास्फीति पर जो अनुकूल असर पड़ना था वह रुपये में गिरावट की वजह से कुछ प्रभावित होगा।

एसबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोई भी केंद्रीय बैंक अपनी मुद्रा के अवमूल्यन को फिलहाल रोक नहीं सकता है और आरबीआई भी सीमित अवधि के लिए रूपये में गिरावट होने देगा।

इमसें कहा गया, यह भी सच है कि जब मुद्रा एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाती है तो फिर उसमें नाटकीय ढंग से तेजी आती है और भारत की मजबूत बुनियाद को देखते हुए यह भी एक संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपये की कीमत में यह गिरावट डॉलर की मजबूती की वजह से आई है, घरेलू आर्थिक मूलभूत कारणों से नहीं।

# 2 रुपये के शेयर ने 1 लाख का बनाया 3.85 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। शेयर बाजार में अगर किसी निवेशक ने फंडामेंटल खंगाल कर कोई इंवेस्टमेंट किया है तो फिर उसे बैक करना चाहिए। कई बार देखा जाता है कि कुछ स्टॉक लॉन्ग टर्म में निवशकों को मालामाल कर गए हैं। ऐसा ही एक स्टॉक मारिको लिमिटेड है। कंपनी के शेयरों ने ताबड़तोड़ रिटर्न के जरिए निवेशकों को करोड़पति बना दिया है।

बता दें, यह एफएमसीजी सेक्टर की एक कंपनी है। मौजूदा दौर में इसका मार्केट कैप 70,167.91 करोड़ रुपये है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर की कीमत 1.35 प्रतिशत की गिरावट के बाद 542.05 रुपये थी। 6 जुलाई 2001 को कंपनी के एक शेयर की कीमत महज 2.81 रुपये थी। तब से अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों में 19,190.04 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। यानी 2001 में जिस किसी निवेशक ने 1 लाख रुपये का दांव इस स्टॉक पर लगाया होगा उन्हें 35,587 शेयर मिले होंगे। 22 दिसंबर 2015 को कंपनी ने 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस के रूप में दिया था। यानी पोजीशनल निवेशकों के शेयरों की संख्या बढ़कर 71,174 हो गई। यानी जिस किसी निवेशक तब 1 लाख रुपये लगाया होगा उसे रिटर्न बढ़कर 3.85 करोड़ रुपये हो गया होगा। आईसीआईसी सिक्योरिटीज़ ने मारिको का टारगेट प्राइस 610 रुपये सेट किया है।

## शार्ट न्यूज

### मणिपुर, झारखंड सुब्रतो कप अंडर-17 महिला फाइनल में

नयी दिल्ली। वांगोई हायर सेकेंडरी स्कूल (मणिपुर) और सेंट पैट्रिक हाई स्कूल (झारखंड) ने रविवार को 61वें सुब्रतो कप के अंडर-17 बालिका वर्ग फाइनल में जगह बनायी। अंबेडकर स्टेडियम में खेले गये पहले सेमीफाइनल में, सेंट पैट्रिक गुमला ने जीएसएसएस अलखपुरा (हरियाणा) को 1-0 से मात दी। विजेता टीम का गोल एलिजार्ड लाकड़ा ने 5वें मिनट में किया। वांगोई हायर सेकेंडरी स्कूल ने दूसरे सेमीफाइनल में आरकेएस गर्ल्स हाई स्कूल (बिहार) को 3-1 से हराकर फाइनल में कदम रखा। होइनथैट (17वें मिनट), एल. मेनका (21वें मिनट), टी. थोटबिसाना (49वें मिनट) ने विजेता टीम के गोल जमाये, जबकि प्रिया ने 32वें मिनट में बिहार का एकमात्र गोल किया। प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार, 28 सितंबर को अंबेडकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मणिपुर और झारखंड इससे पहले लड़कों के अंडर-14 फाइनल में आमने सामने आ चुके हैं, जिसमें पूर्वोत्तर राज्य के हिरोक हाई स्कूल ने जीत हासिल की थी।

### बीसीसीआई चुनाव अक्टूबर 18 को

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष की नियुक्ति के लिये चुनाव 18 अक्टूबर 2022 को आयोजित होंगे। बीसीसीआई द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी एके जोती ने शनिवार को राज्य संघों को सूचना जारी करते हुए कहा कि वे अपने प्रतिनिधियों का नामांकन चार अक्टूबर को शाम छह बजे से पहले-पहले कर सकते हैं। सूचना के अनुसार बीसीसीआई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति के लिये चुनाव 18 अक्टूबर को होंगे और नतीजे भी इसी दिन सामने आयेंगे। उम्मीदवार सूची का मसौदा पांच अक्टूबर को किया जायेगा जबकि अगले दो दिन इस मसौदे पर आपत्तियां आमंत्रित करने के लिये रखे जायेंगे। वैध उम्मीदवारों की सूची 13 अक्टूबर को शाम सात बजे प्रकाशित की जाएगी और उम्मीदवार 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची चुनाव से तीन दिन पहले 15 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। बीसीसीआई आम चुनाव की संहिता के अनुसार एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। कोई भी प्रतिनिधि एक पद के संबंध में एक से अधिक उम्मीदवारों का प्रस्तावक या समर्थक नहीं होगा।

### दिल्ली एफसी ने खिताबी उम्मीदों को जिंदा रखा

नयी दिल्ली। दिल्ली एफसी ने रविवार को कृष्णा पांडे और फहाद तैमूरी के गोलों की बदौलत रॉयल रेंजर्स को 2-1 से हराकर पहली प्रीमियर लीग का खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। फहाद तैमूरी को उनके दर्शनीय गोल के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में सुदेवा ने तरुनसंघा को शिकस्त सौंपी। खेलो इंडिया महिला लीग में, हॉप्स क्लब ने ग्रोइंग स्टार को 5-0 से पराजित करके अपने विजय अभियान में एक और कामयाबी जोड़ी। विजेता के गोल संतोष (दो), समीक्षा, पूजा और तन्नू ने किये। दिन के दूसरे मैच में हंस क्लब ने लक्ष्मी, आशा थापा और अनिता के गोलों से ईव्स को 3 -1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल यति मेहता ने किया।

### भारत ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

ओसेजिक (क्रोएशिया)। शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में इटली को 6-4 से मात दी। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के लिये अमेरिका को शूटऑफ में 2-0 से हराया था जबकि इटली की टीम क्वालीफिकेशन राउंड में 206 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही थी। स्वर्ण पदक मुकाबले में भी इमैनुअल एज़ी, गियरमार्को बारलेता और एडोआर्डो एंतोनिओली की टीम ने 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने अगले तीन मुकाबले 13-12, 15-14 और 14-12 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि पांच शॉट के एक राउंड में बेहतर स्कोर वाली टीम को दो अंक दिये गये। भारतीय टीम के नायक आर्य वंश रहे जिन्होंने मैच के दौरान 25 में 24 शॉट सही लगाये। इसके अलावा शार्दुल ने 22 और शपथ ने 21 बार सही निशाना लगाया। इसी बीच, सबीरा हारिस, प्रीति रजक और आद्या त्रिपाठी की भारतीय टीम ने 172 अंकों के साथ प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया।

### पृथ्वी के अर्द्धशतक से विजयी भारत-ए

चेन्नई। भारत-ए ने कुलदीप यादव (51/4) की हैट्रिक के बाद पृथ्वी शॉ (77) के विस्फोटक अर्द्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड-ए को दूसरे अनाधिकारिक एकदिवसीय मैच में रविवार को चार विकेट से मात दी। न्यूजीलैंड-ए ने भारत-ए के सामने 220 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारतीय टीम ने 34 ओवर में ही हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड-ए की ओर से जो कार्टर ने 80 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों के साथ 72 रन बनाये, जबकि रचिन रविंद्र ने 65 गेंदों पर नौ चौकों की बदौलत 61 रन की पारी खेली। इसके अलावा सीन सोलिया ने 28(49) रन बनाये। भारत की ओर से राहुल चाहर ने नौ ओवर में 50 रन देकर दो विकेट लिये जबकि राज बावा और उमरान मलिक को एक-एक विकेट हासिल हुआ। कुलदीप ने लोगन वैन बीक, जो वॉकर और जेकब डफी को आउट करके अपनी हैट्रिक पूरी करते हुए कुल चार विकेट लिये।

### राष्ट्रीय खेल 2022 के बाद मेरे करियर ने उड़ान भरी : सानिया मिर्ज़ा

नयी दिल्ली। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने राष्ट्रीय खेल 2022 के शुरू होने से पहले रविवार को कहा कि राष्ट्रीय खेलों ने उनके करियर को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन दिया। सानिया ने कहा, मैं सिर्फ 16 साल की थी जब 2002 में राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए। मैंने अच्छा प्रदर्शन करके प्रसिद्धि हासिल की। यह मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहन साबित हुआ। हैदराबाद से आने वाली सानिया ने इसके बाद अपने करियर में छह ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते। सानिया इससे पहले दिल्ली की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप से लेकर राष्ट्रीय खेलों और हैदराबाद के डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट तक भारत में भी खूब टेनिस खेल चुकी थीं। उनके इस स्वर्णिम सफर ने कई युवाओं को प्रेरित किया, जिनमें एक नाम अंकिता रैना का भी है।

### पश्चिम क्षेत्र ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब

कोयंबटूर। पश्चिम क्षेत्र ने यशस्वी जायसवाल (265) के दोहरे शतक और जयदेव उनडकट (छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराकर रविवार को दलीप ट्रॉफी खिताब जीत लिया। पश्चिम ने दूसरी पारी में 585 रन बनाकर दक्षिण को 528 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में दक्षिण 234 रन पर ऑलआउट हो गयी। टी रवि तेजा और रविश्रीनिवासन साई किशोर ने पांचवें दिन दक्षिण की पारी को 154/6 से आगे बढ़ाते हुए सराहनीय संघर्ष किया। दोनों ने पहले एक घंटे में 49 रन जोड़े, लेकिन ड्रिंक ब्रेक के बाद साई किशोर (07) का विकेट गिरते ही अगले तीन बल्लेबाज भी तेजी से आउट हो गये। रोहन कुन्नुमल (93) के बाद रवि तेजा ने दक्षिण के लिये सर्वाधिक 53 रन बनाये। उन्होंने 97 गेंदों की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। साई किशोर ने भी 82 गेंदें खेलकर विकेट पर बहुमूल्य समय बिताया। पांचवें दिन रवि तेजा और जायसवाल के बीच मैदान में बहस भी हुई, जिसके बाद पश्चिम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जायसवाल को चेतावनी देकर मैदान से बाहर भेज दिया और खेल को 10 फील्डरों के साथ आगे बढ़ाया। पश्चिम की ओर से शम्स मुलानी ने दूसरी पारी में चार विकेट लिये, जबकि अतीत सेठ ने दो और चिंतन गज ने एक विकेट लिया।

# बीसीसीआई ने झूलन गोस्वामी को उत्कृष्ट करियर के लिये बधाई दी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाली भारत की दिग्गज गेंदबाज और पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी को रविवार को एक उत्कृष्ट करियर के लिये बधाई दी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, झूलन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा के साथ एक युग का अंत हो गया है।

उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस किया और हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारतीय क्रिकेट की विशिष्ट सेवा की। वह भारत के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआ थीं और उनके कारनामे वर्तमान और नवोदित क्रिकेटरों को प्रेरित करते रहेंगे। खेल में उनका योगदान यादगार रहा है।

मैदान पर उनकी प्रेरक उपस्थिति को याद किया जाएगा, उनकी उपलब्धियां आने वाले क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी।

वर्ष 2002 में पदार्पण करने वाली गोस्वामी ने दो दशकों में फैले एक अंतरराष्ट्रीय करियर में 12 टेस्ट, 204 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल 355 विकेट लिए।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, झूलन गोस्वामी खेल में अब तक की सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने असाधारण गेंदबाजी कौशल के साथ कई वर्षों तक भारत के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया और उन युवा क्रिकेटरों के लिए एक मानक स्थापित किया जो उच्चतम स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। मैं उन्हें उनकी नयी यात्रा एक नयी पारी के लिये शुभकामनाएं देता हूं। झूलन ने अपने सुसज्जित करियर में 2005, 2009, 2013, 2017 और 2022 सहित कुल पांच एकदिवसीय विश्व कप और वह महिला विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। वह एकदिवसीय मैचों में 250 से अधिक विकेट लेने वाली एकमात्र महिला तेज गेंदबाज भी बनी हुई हैं।



बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा, जैसे-जैसे देश में महिला क्रिकेट का विकास हुआ, झूलन गोस्वामी, मिताली राज के साथ सबसे आगे रहीं।

## 'थप्पडकांड' को लेकर हरभजन ने श्रीसंत से फिर मांगी माफी

,नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिछले कुछ साल में काफी विवाद सामने आए हैं। 15 वर्षों में, ऐसी बहुत सी घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने गलत कारणों से दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग को सुर्खियों में ला दिया है। जिनमें से पहला विवाद 2008 में लीग के शुरू होने के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ था। जब मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) और मुंबई इंडियंस के बीच एक मैच के बाद हरभजन सिंह और श्रीसंत के बीच की घटना ने थप्पड़कांड विवाद को जन्म दिया था। इस घटना को %स्लैपगेट% के नाम से भी जाना जाता है।

घटना के 15 साल बाद, हरभजन ने इस विवाद पर दूसरी बार माफी मांगी है और अपनी गलती पर अफसोस किया है। हरभजन ने कहा, जो हुआ वह गलत था, यह मेरी तरफ से गलत था। मैंने गलती की। मेरी टीम के साथी और मुझे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। एक असली आदमी वह है जो अपनी गलती स्वीकार करता है। अगर मुझे अपनी एक गलती को सुधारना है। मुझे लगात है कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अगर मैं इसके बारे में सोचता हूं, तो मुझे लगता है कि इसकी कोई जरूरत नहीं थी।

हरभजन और श्रीसंत 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। साल 2008 में जब दुनिया की सबसे महंगली लीग आईपीएल की शुरुआत हुई थी, तब श्रीसंत पंजाब की टीम से खेलते थे और हरभजन मुंबई टीम का हिस्सा थे। इस दौरान मैच खत्म होने के बाद किसी बात को लेकर हरभजन ने श्रीसंत को हाथ मिलाने के दौरान थप्पड़ जड़ दिया था।

### 'बेटी दिवस पर सचिन तेंदुलकर का सारा को लेकर किया पोस्ट हुआ वायरल

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। इस समय सचिन तेंदुलकर रोड वर्ल्ड सेफ्टी सीरीज में इंडिया लीजेंड्स का नेतृत्व कर रहे हैं। आज यानी रविवार (25 सितंबर) को दुनिया डॉटर्स डे मना रही है। इस मौके पर सचिन तेंदुलकर ने बेटी सारा को एक खूबसूरत मैसेज के साथ विश किया है। सचिन तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर सारा की दो तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह अपने दो पालतू कुत्तों के साथ बैठी हुईं नजर आ रही है। इन तस्वीरों में सचिन तेंदुलकर भी मौजूद हैं। सचिन द्वारा शेयर फोटो को फैंस काफी पसंद भी कर रहे हैं। सचिन ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, भले ही तुम मेरी गोद से बाहर जा चुकी हो, तुम कभी भी मेरे दिल से बाहर नहीं जाओगी।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया, शृंखला 2-1 से जीती

**हैदराबाद।** भारत ने सूर्यकुमार यादव (69) और विराट कोहली (63) के दमदार अर्द्धशतकों के बाद हार्दिक पांड्या (25 नाबाद) की विस्फोटक पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में रविवार को छह विकेट से मात देकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीती।




ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 187 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने एक गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार ने 36 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की बदौलत ताबड़तोड़ 69 रन बनाये जबकि कोहली ने 48 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 63 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 104 रन की विशाल साझेदारी करके भारत को जीत के करीब पहुंचाया और हार्दिक ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी।

ऑस्ट्रेलिया को 186 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाने के लिये कैमरन ग्रीन (52) और टिम डेविड (54) ने विस्फोटक अर्द्धशतक जड़े थे लेकिन सूर्यकुमार-विराट की जोड़ी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

ग्रीन ने 21 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 52 रन बनाये जबकि टिम डेविड ने 26 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों के साथ 54 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान रोहित शर्मा ने जॉश हेजलवुड को छक्का लगाकर आक्रामकता दिखायी लेकिन वह भी दो चौकों और एक छक्के के साथ 17(14) रन बनाकर आउट हो गये।

इसके बाद सूर्यकुमार और विराट ने भारतीय पारी को संभाला और शतकीय साझेदारी से कंगारुओं के हौसले पस्त कर दिये। सूर्यकुमार ने 13वें ओवर में ऐडम ज़ैम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 14वें ओवर में छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये। इसके बाद कोहली और हार्दिक ने चौथे विकेट के लिये 32 गेंदों पर 48 रन की साझेदारी की। भारत को आखिरी ओवर में 11 रन चाहिये थे। विराट पहली गेंद पर छक्का लगाकर दूसरी गेंद पर बाउंड्री पर कैच आउट हो गये, जिसके बाद हार्दिक ने ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर भारत की विजय पताका लहराई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से डैनियल सैम्स ने 3.5 ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हेजलवुड और पैट कमिंस ने अपने-अपने चार ओवर के कोटे में 40 रन देकर एक-एक विकेट लिया। कैमरन ग्रीन ने तीन ओवर में 14 रन दिये लेकिन उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ।

इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और ग्रीन पहली गेंद से ही आक्रामक नजर आये। उन्होंने पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार का स्वागत एक चौके और एक छक्के के साथ किया। कप्तान ऐरन फिंच (07) के तीसरे ओवर में पवेलियन लौटने के बावजूद ग्रीन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चौथे ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। ग्रीन ने 19 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन दो गेंदों बाद भुवनेश्वर कुमार का शिकार हो गये।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने तेजी से विकेट गंवाये। ग्लेन मैक्सवेल (06), स्टीव स्मिथ (09) और मैथ्यू वेड (01) बड़ा योगदान नहीं दे सके। जॉश इंग्लिस ने 22 गेंदों पर 24 बनाये लेकिन पारी की रफ्तार बढ़ाने से पहले आउट हो गये।

ऑस्ट्रेलिया के 117 रन पर छह विकेट गिरने के बाद डेविड ने डैनियल सैम्स के साथ मोर्चा संभाला और सातवें विकेट के लिये 34 गेंदों पर 68 रन की साझेदारी की।

# रूसी सैनिकों ने 4 से 82 साल तक की महिलाओं संग की यौन हिंसा

## कैद में पिटाई, बिजली के झटके देने जैसी यातनाएं

कीव। यूक्रेन में रूस की ओर से किए गए अपराधों की जांच को लेकर गठित आयोग ने रूसी सेना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यूक्रेन में रूसी सैनिकों ने आम नागरिकों पर भीषण अत्याचार किए। संयुक्त राष्ट्र ने इस साल मार्च में अधिकारों के हनन की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग बनाया था। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सैनिकों ने आबादी वाले इलाकों पर बमबारी की। साथ ही फांसी, यातना और भीषण यौन हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। संयुक्त राष्ट्र की तीन स्वतंत्र विशेषज्ञों की टीम ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को रिपोर्ट सौंपी है।

आयोग ने उन जगहों का दौरा किया, जहां लोगों को गिरफ्तार कर रखा गया था।

कब्र और अन्य स्थानों पर जाकर आयोग की टीम ने पूछताछ की। टीम ने 27 कस्बों और बस्तियों के साथ-साथ कब्रों और हिरासत व यातना केंद्रों का दौरा किया। करीब 150 से अधिक पीड़ितों और गवाहों का साक्षात्कार लिया। साथ ही उन्होंने वकील समूहों और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की।



### यौन हिंसा

रूसी सैनिकों ने 4 साल से 82 साल की महिलाओं के साथ यौन हिंसा की। रिश्तेदारों के सामने सैनिकों ने यह अत्याचार किया। यूएन की रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोग ने बच्चों का बलात्कार और यातनाओं के मामलों की जानकारी इकट्ठा की है।

### यातना

गवाहों ने कैद में पिटाई, बिजली के झटके और जबरन नग्न करने जैसी यातना के बारे में बताया है। कई शवों के गले में लटकाए जाने के निशान, पीठ के पीछे बंधे हाथ, सिर पर गोली मारकर और गला रेतकर हत्या की गई। यूएन की रिपोर्ट में जिक्र है कि नागरिकों व लड़ाकों में बिना पहचान किए हमले किए।

### कीव

रूसी सैनिकों के लौटने के बाद 900 लाशें पाई गईं। पांच नागरिकों की हत्या उस समय की, जब वे पोस्ट ऑफिस की रक्षा कर रहे थे। मेयर ने कहा रूसी सैनिकों ने घरों की खिड़कियों पर गोलियां दागीं।

### बुचा

गोली और छर्रे के घाव के साथ सामूहिक कब्र में दफन मिले 67 शव मिले हैं।

### चेर्नीहीव

खाने के लिए कतार में खड़े 14 लोगों की गोली मारकर हत्या की गई। हमलों में 25 अन्य की मौत हुई, जिसमें 6 बच्चे शामिल हैं।

### ओडेसा

कई आवासीय परिसरों पर हवाई हमले में 11 नागरिक मारे गए।

### मारियुपोल

तीन लोग मारे गए। प्रसूति व बच्चों के अस्पताल में बम विस्फोट में 17 घायल हुए।

### इजियम

रूसी सैनिकों के इलाके से हटने के बाद से सामूहिक कब्रों में 440 शव मिले।

### खार्कीव

रूसी सेना ने भाग रहे नागरिकों को ले जा रहे काफिले पर गोली चलाई, जिसमें एक बुजुर्ग महिला और किशोरी सहित दो लोग मारे गए।

### रूस ने इंकार किया

रूस को यूएन काउंसिल की बैठक में आरोपों का जवाब देने के लिए बुलाया गया था, लेकिन रूस की ओर से कोई नहीं पहुंचा। रूस ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

## भारत को बनाया जाए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस ने फिर एक बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने के लिए भारत का समर्थन किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, हम अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों के प्रतिनिधित्व के माध्यम से सुरक्षा परिषद को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने की संभावना देखते हैं।

विशेष रूप से भारत और ब्राजील को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह मिलनी चाहिए।

इससे पहले 31 अन्य देशों के साथ भारत ने सुधारों पर एक संयुक्त बयान में कहा था कि स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में सुरक्षा परिषद का विस्तार होना चाहिए। साथ ही इसके काम करने के तरीकों में भी सुधार लाने की वकालत की गई थी।

### जो बाइडेन ने भी किया था समर्थन

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया था। इस दौरान उन्होंने जापान और जर्मनी को भी स्थाई सदस्य बनाने की बात कही थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में संबोधन के दौरान भी उन्होंने सुरक्षा परिषद में सुधार की बात दोहराई थी। बाइडन ने कहा कि सुरक्षा परिषद को और समावेशी बनाया जाए, ताकि यह आज की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सके।

वीटो को लेकर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विशेष अथवा विषम परिस्थितियों में ही होना चाहिए, ताकि सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता और प्रभाव बना रहे।

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम पहले भी यह मानते थे और आज भी इस बात को मानते हैं कि भारत, जापान और जर्मनी को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए।

### विदेश मंत्री ने ठोका दावा

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत ने अपने संबोधन के दौरान ह्स्ष्ट में सुधार की वकालत की है। जयशंकर ने कहा कि भारत अधिक जिम्मेदारियां लेने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि इस तरह के एक महत्वपूर्ण मामले पर गंभीर बातचीत हो। इसमें किसी भी देश को बाधा नहीं बनना चाहिए।

### बंगलादेश में नौका हादसे में 24 लोगों की मौत

ढाका। बंगलादेश में उत्तरी बंगाल के पंचगढ़ में रविवार को करातोआ नदी में एक नौका के डूब जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी। बोडा उपजिला के कार्यकारी अधिकारी (यूएनओ) मोहम्मद सुलेमान अली ने बताया कि हादसा औलिया घाट क्षेत्र में आज दोपहर करीब 1:30 बजे हुई। शारदीय दुर्गोत्सव महालय के अवसर पर मदिया बाजार क्षेत्र के औलिया घाट से लगभग 70-80 लोग नौका पर सवार होकर बादेश्वरी मंदिर की ओर जा रहे थे। घाट से कुछ दूर चलने के बाद नाव हिलने लगी। नाविक ने नाव को वापस घाट पर लाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे और नाव डूब गयी। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में आठ बच्चे, चार पुरुष और 12 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि नाव में सवार कई यात्री तैरकर किनारे पहुंच गये। पुलिस के साथ स्थानीय लोग भी बचाव कार्य में जुटे हैं।

### अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में आपातकाल की घोषणा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उष्णकटिबंधीय तूफान इयान के प्रकोप के मद्देनजर फ्लोरिडा प्रांत में आपातकाल की स्थिति घोषित की है और स्थानीय अधिकारियों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने उष्णकटिबंधीय तूफान इयान अमेरिकी तट की ओर बढ़ने की स्थिति को घ्यान में रखते हुए मंगलवार को पूर्व निर्धारित आर्टेमिस-1 मानव रहित चंद्रमा मिशन के प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया । अमेरिकी नेशनल हरिकेन सर्विलांस सेंटर के अनुसार उष्णकटिबंधीय तूफान इयान रविवार को कैरेबियन सागर के मध्य भाग को पार करने और जमैका के दक्षिण-पश्चिमी भाग से गुजरने की उम्मीद है। यह सोमवार की रात केमैन आइलैंड्स के पास से गुजरेगा और क्यूबा के पश्चिमी हिस्से में पहुंचेगा।

### देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों को रोकना जरूरी : महमूद

ढाका। बंगलादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री एवं आवामी लीग के संयुक्त सचिव हसन महमूद ने कहा है कि देश की गैर सांप्रदायिक भावना की आधारशिला को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों को सख्ती से रोका जाए। राजधानी ढाका के बनानी पूजामंडल में रविवार को शरद दुर्गा पूजा के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री महमूद ने कहा कि अगर हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध धर्म लोगों के बीच भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दें और देश के सभी लोगों के कल्याण की मंशा से काम किया जाएं तो पूरे विश्व में शांति होगी और धर्म के नाम पर कोई हिंसा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी उन्मादी ताकतें जो देश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना चाहती है तो कभी कभी ऐसी ताकतों को माकूल सबक सिखाने के लिए इन पर मिलकर चोट करना बहुत जरूरी होता है ।ऐसा करेंगे तभी केवल हम उस आधार को मजबूत कर पायेंगे जिस पर इस देश का निर्माण हुआ था। उन्होंने कहा,आप देख रहे हैं हर साल हमारे देश में पूजा मंडपों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि लोग ऐसा करना चाहते हैं, लोग सक्षम हैं और ठीक इसी समय सरकार भी लोगों के साथ है।

### चीन ने दो उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया

बीजिंग। चीन ने कुआइझोउ-1ए प्रक्षेपण यान के जरिए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्ष में स्थापित किया है। चीन एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉरपोरेशन (सीएएसआईसी) ने रविवार को यह जानकारी दी। सीएएसआईसी के मुताबिक प्रक्षेपण चीन के उत्तरी प्रांत शांक्सी में स्थित ताइयुआन अंतरिक्ष क्षेत्र से स्थानीय समयानुसार 06.55 बजे किया गया। दोनों उपग्रहों शियान-14 और शियान-15 का इस्तेमाल वैज्ञानिक प्रयोगों के साथ ही आपदा निवारण और शहरी नियोजन के लिए किया जायेगा। जनवरी-2017 में पहला प्रक्षेपण किए जाने के बाद से कुआइझोउ-1 वाहक रॉकेट के लिए यह 18वां प्रक्षेपण था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# क्या है नवदुर्गा के नौ रूपों का रहस्य?

**चैत्र** और शारदीय नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है। इन नौ दिनों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा होती है। आओ जानते हैं माता के 9 रूपों का क्या है रहस्य।

1. शैलपुत्री- शैलपुत्री का अर्थ पर्वत राज हिमालय की पुत्री। यह माता का प्रथम अवतार था जो सती के रूप में हुआ था।
2. ब्रह्मचारिणी- ब्रह्मचारिणी अर्थात् जब उन्होंने तपश्चर्या द्वारा शिव को पाया था।
3. चंद्रघंटा- चंद्रघंटा अर्थात् जिनके मस्तक पर चंद्र के आकार का तिलक है।
4. कूष्मांडा- ब्रह्मांड को उत्पन्न करने की शक्ति प्राप्त करने के बाद उन्हें कूष्मांड कहा जाने लगा। उदर से अंड तक वह अपने भीतर ब्रह्मांड को समेटे हुए है, इसीलिए कूष्?मांडा कहलाती है।
5. स्कंदमाता- उनके पुत्र कार्तिकेय का नाम स्कंद भी है इसीलिए वह स्कंद की माता कहलाती है।
6. कात्यायनी- महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्होंने उनके यहां पुत्री रूप में जन्म लिया था, इसीलिए वे कात्यायनी कहलाती है।
7. कालरात्रि- मां पार्वती काल अर्थात् हर तरह के संकट का नाश करने वाली है इसीलिए कालरात्रि कहलाती है।
8. महागौरी- माता का रंग पूर्णतः गौर अर्थात् गौरा है इसीलिए वे महागौरी कहलाती है।
9. सिद्धिदात्री- जो भक्त पूर्णतः उन्हीं के प्रति समर्पित रहता है, उसे वह हर प्रकार की सिद्धि दे देती है। इसीलिए उन्हें सिद्धिदात्री कहा जाता है।

# नवरात्रि में जौ बोने का क्या है सही कारण, क्या मिलते हैं संकेत?

**हिंदू** धर्म में नवरात्रि का बहुत बड़ा महत्व माना जाता है। इस दौरान माता के भक्त मां को प्रसन्न करने के लिए पूरे नौ दिन तक उपवास रखकर उनकी पूजा करते हैं। नवरात्रि के व्रत में जौ बीजने की परंपरा बताई जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं आखिर नवरात्रि में व्रत रखने वाला व्यक्ति जौ क्यों बीजता है। हो सकता है इसका जवाब अधिकतर लोग न जानते हो। अगर आप भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल हैं तो आपको बताते हैं आखिर नवरात्रि के दौरान क्यों बोई जाती है जौ और क्या है इसका धार्मिक महत्व।

नवरात्रि व्रत करने वाले लोग अपने घर में मिट्टी के एक बर्तन में जौ बोते हैं। मिट्टी के बर्तन में बोए जाने वाले जौ व्यक्ति को उसेक भविष्य से जुड़े कई अहम संकेत देते हैं। धर्मग्रन्थों के अनुसार सृष्टि की शुरूआत के बाद सबसे पहली फसल जौ ही हुई थी। यही वजह है कि जब कभी देवी-देवताओं की पूजा की जाती है तो हवन में जौ ही चढ़ाई जाती है।

नवरात्रि के दौरान मिट्टी में बोया गया जौ दो तीन दिन में ही अंकुरित हो जाता है, लेकिन अगर यह न उगे तो व्यक्ति को भविष्य से जुड़े अच्छे संकेत नहीं मिलते हैं। इसका मतलब व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद ही कोई चीज हासिल होगी। लेकिन अगर जौ का रंग नीचे से आधा पीला और ऊपर से आधा हरा हो जाए तो इसका मतलब आने वाला साल व्यक्ति के लिए आधा अच्छा रहेगा।

जौ का रंग नीचे से आधा हरा है और ऊपर से आधा पीला होने पर इसका मतलब होता है कि साल का शुरूआती समय अच्छे से बीतेगा, लेकिन बाद में व्यक्ति को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अगर व्यक्ति का बोया हुआ जौ सफेद या हरे रंग में उग रहा है तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा होने पर माना जाता है कि माता रानी ने आपकी पूजा स्वीकार कर ली है और आने वाला पूरा साल आपके लिए खुशियों से भरा होगा।





# शादीय नवरात्रि

## इस बार हाथी पर सवार हो कर आ रही हैं मां दुर्गा

### बन रहे हैं बहुत ही शुभ संयोग और दुर्लभ योग

**हिन्दू** पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष शादीय नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि 26 सितंबर 2022 सोमवार से प्रारंभ हो रही है, जो 5 अक्टूबर 2022 तक रहेगी। इस बार मातारानी हाथी पर सवार होकर आ रही है और बन रहे हैं बहुत ही शुभ संयोग और दुर्लभ योग। आओ जानते हैं शुभ मुहूर्त।

**तिथि:** आश्विन नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि 26 सितंबर 2022 सोमवार को सुबह 03 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी जो 27 सितंबर 2022 को सुबह 03 बजकर 08 मिनट पर खत्म होगी।

**देवी भागवत पुराण अनुसार इस श्लोक से जानें कि माता कि सवारी कैसे डिसाइड होती है-**

*शशि सूर्य गजरुढा शनिभौमै तुरंगमे।*
*गुरौशुक्रेच दोलायां बुधे नौकाप्रकीर्तिता॥*

**अर्थात :** यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से प्रारंभ हो तो माता हाथी पर सवार होकर आती हैं। यदि वह दिन शनिवार या मंगलवार हो तो माता की सवारी घोड़ा होता है और शुक्रवार या गुरुवार को नवरात्रि शुरु होती है तो मातारानी डोली में विराजमान होकर आती हैं। यदि बुधवार दिन हो तो माता का आगमन नौका में होता है।

**हाथी की सवारी का फल :** कहते हैं कि जब माता हाथी पर सवार होकर आती है तो वर्षा अधिक होने का संकेत है। जिससे चारों ओर हरियाली छा जाएगी। फसलें भी अच्छी होंगी। देश में अन्न के भंडार भरेंगे, संपन्नता, धन और धान्य में वृद्धि होगी। माता का आगमन हाथी और नौका पर होता तो वह साधक के लिए कल्याणकारी होता है।

#### नवरात्रि पर कलश स्थापना और पूजा के शुभ मुहूर्त

- सुबह 6 बजकर 11 मिनट से लेकर 7 बजकर 51 मिनट तक रहेगा।
- अभिजित मुहूर्त: दोपहर 12:06 से 12:54 तक रहेगा।
- विजय मुहूर्त : दोपहर : 02:30 से 03:18 तक।
- गोधूलि मुहूर्त: शाम 06:19 से 06:43 तक।
- सायाह्न सन्ध्या : शाम 06:31 से 07:43 तक।

#### नवरात्रि के शुभ योग

- शुक्ल योग सुबह 08:05 तक, उसके बाद ब्रह्म योग।
- हस्त नक्षत्र : 26 सितंबर प्रात: 05:55 से प्रारंभ होकर दूसरे दिन प्रात: 06:16 बजे तक। उसके बाद चित्र।

# नवरात्रों में कौन से रंग का कपड़ा पहनकर पायें माँ दुर्गा की विशेष कृपा

**अज** से नवरात्र आरंभ हो जाएंगे। इन 9 दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की विशेष तरह से पूजा-अर्चना की जाती है। यदि आप प्रत्येक दिन अलग-अलग रंग के कपड़े पहनकर मां दुर्गा की उपासना करते हैं तो ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से मां भगवती बेहद प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों की सारी इच्छाएं पूरी करती है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि नवरात्र के अलग-अलग दिन कौन-सा कपड़ा पहन कर माँ भगवती की कृपा पायी जा सकती है।

#### नवरात्रि के पहले दिन पहने पीले रंग के कपड़े

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है और माना जाता है कि माता शैलपुत्री को पीला रंग बहुत ही पसंद है, इसलिए इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करके मां की पूजा करने से मां शैलपुत्री प्रसन्न होती हैं।

#### दूसरे दिन पहने हरे रंग के वस्त्र

नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की उपासना की जाती है। मान्यता है कि माता ब्रह्मचारिणी को हरा रंग बेहद ही प्रिय है, इसलिए उनकी चुनरी और श्रृंगार भी हरे रंग से ही किया जाता है। मां की पूजा हरे रंग के कपड़े पहनकर ही करनी चाहिए।

#### मां चंद्रघंटा को प्रिय है भूरा रंग

तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है उन्हें भूरा रंग बहुत प्रिय है इसलिए उनका श्रृंगार भी भूरे रंग के वस्त्रों से ही किया जाता है। भूरे रंग के कपड़े पहनकर ही मां की पूजा करनी चाहिए।

#### चौथे दिन धारण करें नारंगी रंग के कपड़े

चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि उन्हें नारंगी रंग बहुत पसंद है। मां की पूजा के दौरान सारा श्रंगार भी नारंगी रंग के कपड़ों से ही किया जाता है इसलिए उनकी पूजा नारंगी रंग के कपड़े पहनकर करनी चाहिए। इससे माता खुश होती हैं।



#### मां स्कंदमाता को प्रिय है सफ़ेद रंग

पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-उपासना की जाती है। मान्यता है कि मां स्कंदमाता को सफेद रंग से बेहद पसंद है, इसलिए उनकी पूजा करते हुए सफेद रंग के कपड़े जरूर पहनने चाहिए।

#### छठे दिन पहनें लाल रंग के कपड़े

छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि मां कात्यायनी को लाल रंग बेहद पसंद है, इसीलिए उनका श्रृंगार भी लाल रंग के कपडों से किया जाता है और भक्तों को भी मां की कृपा पाने के लिए लाल रंग के कपड़े पहनने चाहिए।

#### मां कालरात्रि को प्रिय है नीला रंग

सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है उन्हें नीला रंग बहुत भाता है। उनकी मूर्ति के वस्त्रों और पूजा के दूसरे सामानों का रंग भी नीला ही रखा जाता है।

#### गुलाबी रंग के वस्त्र पहनें आठवें दिन

आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है उन्हें गुलाबी रंग से बेहद प्रिय है, इसलिए उन्हें प्रसन्न करने के लिए नवरात्र के आठवें दिन गुलाबी रंग के कपड़े पहनने चाहिए।

#### नौवें दिन पहनें जामुनी रंग के कपड़े

नौवें और आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-उपासना की जाती है। मान्यता है कि जामुनी रंग मां सिद्धिदात्री को बहुत प्रिय है, इसलिए उनकी पूजा करते समय जामुनी रंग के कपड़े पहनने चाहिए ताकि माँ भगवती की कृपा आप पर बनी रहे।



# शारदीय नवरात्रि में कैसे करें कलश और घट स्थापना?

**क्या** है घट स्थापना की विधि? 26 सितंबर 2022 सोमवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। माता दुर्गा के साथ ही घट स्थापना और कलश स्थापना की जाती है। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करने का महत्व है। आओ जानते हैं कि किस तरह करते हैं कलश और घटस्थापना।

#### घट स्थापना कैसे की जाती है

- घट अर्थात मिट्टी का घड़ा। इसे नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में ईशान कोण में स्थापित किया जाता है।
- घट में पहले थोड़ी सी मिट्टी डालें और फिर जौ डालें। फिर एक परत मिट्टी की बिछा दें। एक बार फिर जौ डालें। फिर से मिट्टी की परत बिछाएं। अब इस पर जल का छिड़काव करें। इस तरह उपर तक पात्र को मिट्टी से भर दें। अब इस पात्र को स्थापित करके पूजन करें।
- जहां घट स्थापित करना है वहां एक पाट रखें और उस पर साफ लाल कपड़ा बिछाकर फिर उस पर घट स्थापित करें। घट पर रोली या चंदन से स्वास्तिक बनाएं। घट के गले में मौली बांधे।

#### कलश स्थापना विधि

- एक तांबे के कलश में जल भरें और उसके ऊपरी भाग पर नाड़ा बांधकर उसे उस मिट्टी के पात्र अर्थात घट के उपर रखें। अब कलश के ऊपर पत्ते रखें, पत्तों के बीच में नाड़ा बंधा हुआ नारियल लाल कपड़े में लपेटकर रखें।
- अब घट और कलश की पूजा करें। फल, मिठाई, प्रसाद आदि घट के आसपास रखें। इसके बाद गणेश वंदना करें और फिर देवी का आह्वान करें।
- अब देवी- देवताओं का आह्वान करते हुए प्रार्थना करें कि 'हे समस्त देवी-देवता, आप सभी 9 दिन के लिए कृपया कलश में विराजमान हों।'
- आह्वान करने के बाद ये मानते हुए कि सभी देवतागण कलश में विराजमान हैं, कलश की पूजा करें। कलश को टीका करें, अक्षत चढ़ाएं, फूलमाला अर्पित करें, इत्र अर्पित करें, नैवेद्य यानी फल-मिठाई आदि अर्पित करें।

# कैसे मनाएं नन्ही कन्याओं के पूजन का उत्सव

नवरात्रि यानी सौन्दर्य के मुखरित होने का पर्व। नवरात्रि यानी उमंग से खिल-खिल जाने का पर्व। नौ दिनों तक दैवीय शक्ति मनुष्य लोक के भ्रमण के लिए आती है। इन दिनों की गई उपासना-आराधना से देवी भक्तों पर प्रसन्न होती है। लेकिन पुराणों में वर्णित है कि मात्र श्लोक-मंत्र-उपवास और हवन से देवी को प्रसन्न नहीं किया जा सकता। इन दिनों 2 से लेकर 5 वर्ष तक की नन्ही कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक इन नन्ही कन्याओं को सुंदर गिफ्ट्स देकर इनका दिल जीता जा सकता है। इनके माध्यम से नवदुर्गा को भी प्रसन्न किया जा सकता है। पुराणों की दृष्टि से नौ दिनों तक कन्याओं को एक विशेष प्रकार की भेंट देना शुभ होता है। अगर आप नौ दिनों तक पूजन नहीं कर सके तो अंतिम दो दिन शुभ और बेहतर अवसर होते हैं कन्या पूजन के लिए.आइए जानें 9 दिन कैसे करें कन्या पूजन...

सबसे पहले कन्या जब घर में प्रवेश करें तब उनके पैरों में महावर या कुमकुम लगाकर घर में लेकर आएं। उन पर फूलों की वर्षा करें। उनके हाथ में दो तरह की दक्षिणा दें। एक दक्षिणा कन्या घर लेकर जाएगी और दूसरी समस्त पूजन के बाद कन्या से वापिस लेनी है। जब कन्या जाने लगे तब हर कन्या से 1-1 सिक्का लें और उसे अपनी तिजोरी में रखें।

* प्रथम दिन इन्हें फूल की भेंट देना शुभ होता है। साथ में कोई एक श्रृंगार सामग्री अवश्य दें। अगर आप मां सरस्वती को प्रसन्न करना चाहते है तो श्वेत फूल अर्पित करें। अगर आपके दिल में कोई भौतिक कामना है तो लाल पुष्प देकर इन्हें खुश करें। (उदाहरण के लिए ः गुलाब, चंपा, मोगरा, गेंदा, गुड़हल)
* दूसरे दिन फल देकर इनका पूजन करें। यह फल भी सांसारिक कामना के लिए लाल अथवा पीला और वैराग्य की प्राप्ति के लिए केला या श्रीफल हो सकता है। याद रखें कि फल खट्टे ना हो।
* तीसरे दिन मिठाई का महत्व होता है। इस दिन अगर हाथ की बनी खीर, हलवा या केशरिया चावल बना कर खिलाए जाएं तो देवी प्रसन्न होती है।
* चौथे दिन इन्हें वस्त्र देने का महत्व है लेकिन सामर्थ्य अनुसार रूमाल या रंगबिरंगे रीबन दिए जा सकते हैं।
* पांचवे दिन देवी से सौभाग्य और संतान प्राप्ति की मनोकामना की जाती है। अतः कन्याओं को पांच प्रकार की श्रृंगार सामग्री देना अत्यंत शुभ होता है। इनमें बिंदिया, चूड़ी, मेहंदी, बालों के लिए क्लिप्स, सुगंधित साबुन, काजल, नेलपॉलिश, टैल्कम पावडर इत्यादि हो सकते हैं।
* छठे दिन बच्चियों को खेल-सामग्री देना चाहिए। आजकल बाजार में खेल सामग्री की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। पहले यह रिवाज पांचे, रस्सी और छोटे-मोटे खिलौनों तक सीमित था। अब तो ढेर सारे विकल्प मौजूद है।
* सातवां दिन मां सरस्वती के आह्वान का होता है। अतः इस दिन कन्याओं को शिक्षण सामग्री दी जानी चाहिए। आजकल स्टेशनरी बाजार में विभिन्न प्रकार के पेन, स्केच पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्रॉईंग बुक्स, कंपास, वाटर बॉटल, कलर बॉक्स, लंच बॉक्स उपलब्ध है।
* आठवां दिन नवरात्रि का सबसे पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन अगर कन्या का अपने हाथों से श्रृंगार किया जाए तो देवी विशेष आशीर्वाद देती है। इस दिन कन्या के दूध से पैर पूजने चाहिए। पैरों पर अक्षत, फूल और कुंकुम लगाना चाहिए। इस दिन कन्या को भोजन कराना चाहिए और यथासामर्थ्य कोई भी भेंट देनी चाहिए। हर दिन कन्या-पूजन में दक्षिणा अवश्य दें।
* नौवें दिन खीर, ग्वारफली और दूध में गूंथी पूरियां कन्या को खिलानी चाहिए। उसके पैरों में महावर और हाथों में मेहंदी लगाने से देवी पूजा संपूर्ण होती है। अगर आपने घर पर हवन का अयोजन किया है तो उसके नन्हे हाथों से उसमें समिधा अवश्य डलवाएं। उसे इलायची और पान का सेवन कराएं।

इस परंपरा के पीछे मान्यता है कि देवी जब अपने लोक जाती है तो उसे घर की कन्या की तरह ही बिदा किया जाना चाहिए। अगर सामर्थ्य हो तो नौवें दिन लाल चुनर कन्याओं को भेंट में दें। उन्हें दुर्गा चालीसा की छोटी पुस्तकें भेंट करें। गरबा के डांडिए और चणिया-चोली दिए जा सकते हैं।